गुरुवार, 18 जून 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 35 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 04:52 | सूर्यास्त: 18:23 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : भावना सतत परिवर्तनशील है।



भारत की विकास गाथा के सबसे रोमांचक अध्यायों में से एक है पूर्वोत्तर: नायडू पृष्ठ 7




## ‘नमामि गंगे’ को देंगे नई रफ्तार : शुभेंदु अधिकारी

### मुख्यमंत्री ने बागबाजार के ‘मायेर घाट’ पर चलाया सफाई अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को उत्तर कोलकाता के बागबाजार इलाके में हुगली नदी घाट पर सफाई अभियान चलाया और कहा कि ‘नमामि गंगे’ कार्यक्रम का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। शुभेंदु अधिकारी ने रामकृष्ण परमहंस की पत्नी सारदा देवी से जुड़े ऐतिहासिक ‘मायेर घाट’ पर स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करके कार्यक्रम की शुरुआत की और घाट को झाड़ू से साफ किया। इस अवसर पर मंत्री अग्निमित्रा पॉल , मंत्री तापस रॉय, राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती, विधायक विजय ओझा, विधायक रितेश तिवारी, उत्तर कोलकाता ज़िला अध्यक्ष तमग्नो घोष, प्रमोद सिंह ,भोला सोनकर, तथा कोलकाता नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता, विकास, कानून व्यवस्था और रोजगार सृजन उनकी सरकार की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि ‘नमामि गंगे’ के तहत काम ठीक से किया जाना चाहिए। यह पहले नहीं किया गया था और हम इसे करेंगे। गंगा नदी को साफ रखा जाना चाहिए। अधिकारी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए कोलकाता आएंगे और राज्य सरकार तथा केएमसी उनका गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।



## ‘मोदी के रहते अगर भारत पर हमला हुआ तो हम करेंगे मदद’, द्विपक्षीय बैठक में बोले ट्रंप

**एवियॉन (फ्रांस) :** फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने कई वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान ट्रंप ने भारत के समर्थन में बड़ा बयान देते हुए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते भारत पर कोई हमला होता है तो अमेरिका मदद के लिए खड़ा रहेगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब दुनिया के कई हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव बना हुआ है। बैठक के दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोदी एक बेहद मजबूत नेता हैं और बातचीत के दौरान बहुत सख्त रुख अपनाते हैं। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शांत दिखाई देते हैं, लेकिन बातचीत और समझौते के मामले में बेहद सख्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत को किसी तरह का सुरक्षा संकट झेलना पड़ता है तो अमेरिका उसके साथ खड़ा रहेगा। ट्रंप के इस बयान को भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली और व्यक्तित्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी जितना शांत, संयमित और प्रभावशाली नहीं हूं। आप उन्हें देखिए। ट्रंप ने मोदी को ऐसा नेता बताया जो बाहर से शांत नजर आते हैं, लेकिन निर्णय लेने और बातचीत के समय बेहद दृढ़ रहते हैं।



**मोदी ने ट्रंप से उठाया भारतीय नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के दौरान वैश्विक समुद्री मार्गों पर कार्यरत भारतीय नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल किए जाने चाहिए। मोदी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लाखों भारतीय नाविक अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में कार्यरत हैं और उनकी सुरक्षा भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## अमेरिका ने ‘हिंद-प्रशांत कमान’ का नाम बदलकर फिर ‘अमेरिकी प्रशांत कमान’ किया

**वॉशिंगटन :** अमेरिका ने अपने आठ साल पुराने फैसले को पलटते हुए अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान का नाम बदलकर फिर से अमेरिकी प्रशांत कमान (यूएसपीएकॉम) कर दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिकी प्रशांत कमान नाम 1947 में तत्कालीन राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन द्वारा स्थापित कमान की ऐतिहासिक जड़ों का सम्मान करता है। अमेरिकी प्रशांत कमान का कार्यक्षेत्र अमेरिका के पश्चिमी तट से लेकर भारत की पश्चिमी सीमा तक फैला है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, “यूएसपीएकॉम के पुराने नाम को बहाल करना कमान की गहरी ऐतिहासिक जड़ों का सम्मान करना है और प्रशांत क्षेत्र में सेवा देने वाले सभी लोगों में गर्व एवं सामूहिक भावना को बढ़ावा देता है।”

## साइबर अपराधी ‘परजीवी’ हैं, भोलेभाले निवेशकों से करते हैं ठगी : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि साइबर अपराधी ''परजीवी'' होते हैं जो भोलेभाले निवेशकों से ठगी करते हैं और ऐसे अपराधियों के साथ सख्ती बरतने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उक्त व्यक्ति ने अलग-अलग राज्यों में अपने खिलाफ दर्ज कुछ प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''आप लोग (साइबर अपराधी) परजीवी हैं। आप भोलेभाले निवेशकों से पैसे लेते हैं और उनके साथ ठगी करते हैं। साइबर अपराधियों के खिलाफ हमें बहुत सख्ती बरतनी होगी।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे अपराधों के पीड़ित हमेशा देशभर से होते हैं। उन्होंने कहा, ''आप तमिलनाडु में किसी के साथ ठगी करते हैं, फिर जम्मू-कश्मीर और उसके बाद पूर्वोत्तर चले जाते हैं।'' उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों को जेल में रखना समाज के हित में होगा। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में दर्ज कुछ प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता राहत पाने के लिए संबंधित अधिकार क्षेत्र वाले उच्च न्यायालय का रुख कर सकता है।

## केंद्र ने पांच साल में दफ्तर के कबाड़ बेचकर 4,722 करोड़ रुपये की कमाई की

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने पिछले पांच साल में देश भर के अपने दफ्तरों से कबाड़ बेचकर 4,700 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने बताया कि इन विशेष अभियानों के तहत केंद्र सरकार के विभागों को कार्यालय के बेहतर उपयोग के लिए बेकार पड़ी वस्तुओं को हटाने के वास्ते प्रोत्साहित किया गया। वर्मा ने कहा कि अब तक पांच अभियान चलाए गए हैं, जिनके तहत बेकार वस्तुओं को हटा कर बेहतर काम के लिए पैसे जुटाए गए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, “साफ-सफाई की गई जगहों की संख्या बढ़कर (24 लाख) हो गई है।” ‘कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की 12 साल की उपलब्धियों’ पर संवाददाता सम्मेलन के दौरान अधिकारी की ओर से दी गई प्रस्तुति के मुताबिक, पिछले पांच साफ-सफाई अभियानों से 4,722 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ है। उत्तर प्रदेश कैडर की 1991 बैच की आईएएस अधिकारी वर्मा ने कहा, “पिछले पांच वर्षों में (अभियानों के दौरान) सरकारी दफ्तरों में 995 लाख वर्ग फुट जगह खाली की गई और 175 लाख फाइलें हटाई गईं।”

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
‘X’ Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## शिवसेना (उबाठा) के बागी नेताओं ने की बिरला से मुलाकात, छह सांसदों के समर्थन का दावा

**नयी दिल्ली :** शिवसेना (उबाठा) के बागी नेताओं के एक समूह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और दावा किया कि उन्हें लोकसभा में पार्टी के नौ में से छह सांसदों का समर्थन प्राप्त है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बैठक में क्या चर्चा हुई, इस बारे में दोनों पक्षों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई वहीं, उद्धव ठाकरे के करीबी और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा कि पार्टी को किसी भी सांसद की ओर से सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल होने की कोई सूचना नहीं मिली है। शिवसेना (उबाठा) ने अपने सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर बृहस्पतिवार को संसदीय दल की बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा है। इससे पहले, पार्टी के लोकसभा सदस्य अरविंद सावंत एवं अनिल देसाई और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।

## भारत का रक्षा उत्पादन 2025-26 में 1.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली :** भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2025-26 में 1.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष के 1.54 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन के मुकाबले 15.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। उसने कहा कि इसके अलावा, वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में इसमें 110 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जब रक्षा उत्पादन का आंकड़ा 84,643 करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के रक्षा उत्पादन में यह “उल्लेखनीय वृद्धि” रक्षा उत्पादन विभाग और अन्य हितधारकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा, ''यह वृद्धि देश के विस्तार ले रहे रक्षा औद्योगिक आधार का एक स्पष्ट संकेतक है।'' रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, ''निरंतर नीतिगत समर्थन, कई नयी पहलों, निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और बढ़ती निर्यात क्षमताओं के साथ, रक्षा उत्पादन क्षेत्र आने वाले वर्षों में और अधिक गति पकड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।'' रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा उत्पादन में हुई वृद्धि “उल्लेखनीय” है और वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 84,643 करोड़ रुपये था, जिसके मुकाबले इसमें 110 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मंत्रालय ने कहा कि स्वदेशी रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2013-14 के 43,746 करोड़ रुपये से लगभग चार गुना बढ़कर इस स्तर पर पहुंचा है। मंत्रालय ने कहा, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का कुल उत्पादन में लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा रहा, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 24 प्रतिशत रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 22 प्रतिशत से अधिक है। इसने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र का हिस्सा लगभग 42,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है जो रक्षा 'परिवेशी तंत्र' में इसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा उत्पादन में हुई वृद्धि ने वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड रक्षा निर्यात को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ‘आत्मनिर्भर भारत’ पहल के तहत रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को मिल रही निरंतर गति को दर्शाती है।

## राज्य के पूर्व मंत्री उदयन गुहा फूलबागान से गिरफ्तार

### पीएम आवास योजना में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी 'वित्तीय अनियमितताओं' में कथित संलिप्तता को लेकर बुधवार को राज्य के पूर्व मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदयन गुहा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुहा को यहां फूलबागान क्षेत्र में एक अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया जहां वह विधानसभा चुनाव में दिनहाटा निर्वाचन क्षेत्र से हार जाने के बाद से रह रहे थे। कूचबिहार जिला पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पूर्व मंत्री के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई थी। उनके ख़िलाफ अन्य मामले भी हैं और उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता का आरोप



है कि गुहा 2016 से ही इस योजना के लिए आवंटित पैसे की हेराफेरी करते रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि गुहा के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश समेत बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुहा पर 2021 में चुनाव बाद हुई हिंसा से जुड़े आरोप भी हैं। अधिकारी ने कहा कि गुहा को पहले फूलबागान थाने ले जाया गया, जहां शुरुआती पूछताछ और गिरफ्तारी की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें सड़क मार्ग से कूचबिहार ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री को आज अदालत में पेश किया जाएगा। गुहा ने कूचबिहार जाते समय रास्ते में पत्रकारों से कहा कि मुझे नहीं पता कि पुलिस ने मुझे क्यों गिरफ़्तार किया है। इस कार्रवाई की वजह पुलिस ही बेहतर बता पाएगी।

### बंगाल में रामराज्य, अपराधियों को मिलेगी सजा : मंत्री निशिथ प्रमाणिक

राज्य के पूर्व मंत्री उदयन गुहा के गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता व राज्य के उत्तर बंगाल विकास मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने कहा है कि पाप अपने बाप को भी नहीं छोड़ता है। उदयन गुहा की गिरफ्तारी इसका प्रमाण है। उन्हें उनके किए की सजा जरूर मिलेगी। पश्चिम बंगाल में रामराज्य चल रहा है। किसी भी दोषी को नहीं बख्शा जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के शासन काल में उदयन गुहा ने दिनहाटा के लोगों पर काफी अत्याचार किए हैं। लोगों को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजने का काम किया गया। लोगों के हाथों में जबरन गांजा व हथियार थमाकर उन्हें दोषी बनाने की साजिश रची गई। दुनिया गोल है और समय भी धीरे-धीरे चलता रहता है। हर बुरे काम का एक न एक दिन हिसाब होता है। उनके भी गलत कार्यों का हिसाब होगा। उदयन गुहा ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को काफी प्रताड़ित किया था। उन्होंने दिनहाटा के लोगों की शांति तक छीन ली थी। उन्हें उम्मीद है कि पश्चिम बंगाल पुलिस इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी और प्रताड़ित लोगों को न्याय मिलेगा।



## पंचायतें बन रही हैं बदलाव की वाहक

हाल के दिनों में पंजाब के बाद, हिमाचल के लिए भी नशीले पदार्थों का तेजी से बढ़ता दुरुपयोग एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन गया है। नशे के बढ़ते सेवन की जो समस्या कभी सीमावर्ती राज्यों व सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित मानी जाती थी, अब दुर्भाग्य से वह इस पहाड़ी राज्य के गांवों तक पहुंच गई है। जिससे कई परिवारों का अस्तित्व, लोगों की आजीविका और युवा पीढ़ी का भविष्य भी खतरे में नजर आ रहा है। ऐसे हालात में राज्य सरकार का वह फैसला एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया है, जिसमें नशीले पदार्थों से मुक्ति के अभियान 'चिट्टा-मुक्त गांव' में पंचायतों को शामिल करने का रणनीतिक निर्णय लिया गया है। सालों तक इस संकट को कानून व्यवस्था से जुड़ा प्रश्न माना जाता रहा है। नशीले पदार्थों की समस्या से निपटने के लिये सप्लायरों व नशे की आदत का शिकार लोगों की गिरफ्तारी, नशीले पदार्थों की बरामदगी और पुलिस की कार्रवाई को प्राथमिकता बना लिया गया था। निस्संदेह, कानून के अनुपालन के बिना इस संकट का समाधान संभव भी नहीं था, लेकिन सिर्फ इन प्रयासों से सफलता कम ही मिली। नशीले पदार्थ बेचने वालों की गिरफ्तारी के बाद सप्लाई चेन तेजी से बदल जाती है। नशे के कारोबारी स्थानीय तंत्र की कमजोरी का लाभ उठाते और नये लोग नशे की लत की चपेट में आ जाते थे। इस संकट के बने रहने ने संकेत दिए कि यह समस्या सिर्फ कानूनी नहीं है बल्कि इसे एक सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े संकट के रूप में भी देखा जाना चाहिए। निर्विवाद रूप से किसी ग्रामीण समाज में पंचायतों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पंचायतें ग्रामीण परिवेश में स्थानीय हालात को बेहतर ढंग से समझती हैं। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्थानीय समुदायों का विश्वास भी हासिल होता है। वे गांव के लोगों के व्यवहार संबंधी बदलावों को आसानी से से पहचान सकती हैं। ऐसे बदलाव जिन्हें दूर बैठे प्रशासन व पुलिस के अधिकारी नहीं समझ सकते।

इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि यदि पंचायतों को प्रभावी अधिकार और संसाधन उपलब्ध करा दिए जाएं तो वे जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं। साथ ही ग्रामीण परिवारों को समय रहते मदद लेने को प्रोत्साहित कर सकती हैं। इतना ही नहीं, वे इस जागरूकता अभियान का दायरा बढ़ाने और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिये स्कूल तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सार्थक तालमेल स्थापित कर सकती हैं। साथ ही बिना किसी भेदभाव के, संवेदनशील ढंग से पुनर्वास के प्रयासों में मदद कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर गांव स्तर पर निगरानी समितियां बनाकर पंचायतें नशे की आपूर्ति शृंखला पर नजर रख सकती हैं। वे समय रहते कानून के क्रियान्वयन करने वाली एजेंसियों को भी सतर्क करने में मददगार साबित हो सकती हैं। इसके अलावा बेहतर परिणाम हासिल करने के लिये पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और काम को बेहतर ढंग से करने के लिये जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये जा सकते हैं। यह भी हकीकत है कि पेशेवर अधिकारियों व कर्मचारियों की मदद के बिना गांवों की चुनी हुई संस्थाओं के द्वारा नशे की समस्या से पूरी तरह निपट पाना संभव नहीं है। इसके साथ ही सरकार को नशा-मुक्ति केंद्रों को सशक्त बनाने की भी जरूरत होगी। इसके अलावा नशे पर शिकंजा कसने के लिये जरूरी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। वहीं दूसरी ओर नशीले पदार्थों के सेवन के खतरे का सामना कर रहे युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ाने की भी जरूरत होगी। यह भी कि मानसिक तनाव से मुक्ति के लिये मनोरंजन के अवसर बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। निस्संदेह, महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा के क्रम में हिमाचल सरकार का यह प्रयोग एक महत्वपूर्ण सच को सामने लाता है कि स्थायी बदलाव सरकारी दफ्तरों से नहीं बल्कि हकीकत में गांव से ही शुरू हो सकता है। जहां ग्रामीणों की सामूहिक जिम्मेदारी नशे की लत दूर करने के लिये एक मजबूत इलाज बन सकती है। यदि पंचायतों को पर्याप्त संसाधन व मदद मिले तो पंचायतें भी बदलाव लाने और मौजूदा पीढ़ी के स्वास्थ्य की रक्षा करने वाली ताकत बन सकती हैं।

# उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती पारदर्शिता के साथ की गई, कोई सिफारिश या पक्षपात नहीं किया गया: योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने बिना किसी सिफारिश या भेदभाव के पारदर्शी पुलिस भर्ती सुनिश्चित की है । उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त प्रणाली की शुरूआत राज्य में पुलिस व्यवस्था में सुधारों का हिस्सा है। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने के प्रस्ताव 1972 से लंबित थे, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि आईपीएस अधिकारियों को पहले प्रशासनिक मामलों में आईएएस अधिकारियों के प्रभुत्व का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा, ''पहले उत्तर प्रदेश में आईपीएस अधिकारियों को आईएएस अधिकारियों द्वारा दबाया जाता था। वे फाइलों को दबाकर रखते थे। एक बार जब कोई फाइल बंद हो जाती थी, तो उसे दोबारा खुलवाना लगभग असंभव होता था। यहां तक कि अगर यमराज भी आ जाएं, तो उस फाइल को आईएएस अधिकारी से खुलवाना मुश्किल होता था।' मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य के सात जिलों में आयुक्त प्रणाली लागू हो गई है जो पुलिस सुधारों का एक हिस्सा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने जनवरी 2020 में गौतमबुद्धनगर और लखनऊ से शुरुआत करते हुए पुलिस व्यवस्था की आयुक्त प्रणाली की स्थापना की थी । यह प्रणाली अंततः पांच और जिलों वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, कानपुर और आगरा में शुरू की गई। आयुक्त प्रणाली के तहत, पुलिस आयुक्त (एक आईपीएस अधिकारी) बढ़ी हुई कार्यकारी शक्तियों के साथ पुलिस व्यवस्था का नेतृत्व करता है, जो पहले की व्यवस्था की जगह लेता है । पहले की व्यवस्था में जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कानून-व्यवस्था की कई जिम्मेदारियां साझा करते थे।

## ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों का रील बनाना अनुशासनहीनता है:आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया रील बनाने के प्रति आगाह करते हुए कहा कि इस तरह के कृत्य अनुशासनहीनता हैं और बल की गरिमा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। लखनऊ में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड द्वारा भर्ती किए गए 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों (ग्रेड-ए) को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को ड्यूटी पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए और आत्म-अनुशासन बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'याद रखें, ऐसा तभी हो सकता है जब आप आत्म-अनुशासन की भावना बनाए रखें। हम अक्सर देखते हैं कि ड्यूटी के दौरान कई लोग रील बनाते रहते हैं। यह अनुशासनहीनता का हिस्सा है। उस समय ड्यूटी के प्रति सतर्क रहना होता है, रील नहीं बनाना होता।'

## आरएसएस ने रांची कार्यालय पर पेट्रोल बम हमले का आरोप लगाया, एसआईटी गठित



**रांची:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बुधवार को आरोप लगाया कि रांची स्थित उसके कार्यालय पर मंगलवार देर रात पेट्रोल बम फेंके गए जिसके बाद पुलिस ने घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है। आरएसएस के पदाधिकारियों के अनुसार, घटना चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर स्थित संगठन के कार्यालय में रात करीब साढ़े 12 बजे हुई। रांची में आरएसएस के मीडिया समन्वय प्रमुख स्निग्ध रंजन ने आरोप लगाया कि परिसर में पेट्रोल बम फेंके गए। हालांकि, पुलिस ने कहा कि इस्तेमाल की गई वस्तुओं के बारे में सटीक जानकारी विस्तृत जांच के बाद ही पता चल सकेगी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'घटनास्थल से कांच की दो बोतलों के टुकड़े बरामद हुए हैं। बोतलों में मौजूद पदार्थ का पता लगाने के लिए विधि विज्ञान प्रयो-गशाला (एफएसएल) की टीम ने जायजा लिया है।' यह पूछे जाने पर कि क्या बोतलों में पेट्रोल था, उन्होंने कहा कि फोरेंसिक जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, 'घटना में शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।'' केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने इस घटना को राज्य की राजधानी में शांति भंग करने के उद्देश्य से रची गई 'गंभीर साजिश' करार दिया।

## लोगों की समस्याओं के समाधान में कोताही न बरतें अधिकारी: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं के समाधान में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के तुरंत निपटान के निर्देश दिए। शर्मा ने उदयपुर में शहरी सेवा शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिविर के संबंध में लोगों की प्रतिक्रिया जानी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से राज्य में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि शिविरों में आमजन से जुड़े छोटे से लेकर बड़े कार्यों को भी गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविरों में आमजन की समस्याओं का समाधान हर हाल में किया जाए तथा इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है।

## झारखंड में 'क्रॉस वोटिंग' की आशंका के बीच राज्यसभा की दो सीट पर चुनाव की तैयारी पूरी

**रांची:** झारखंड में राज्यसभा की दो सीट के लिए बृहस्पतिवार को होने वाले चुनाव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव में तीन उम्मीदवार हैं। विपक्षी भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने विधानसभा में आवश्यक संख्या बल न होने के बावजूद एक निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया है।

## केंद्र और राज्य का डबल-इंजन सहयोग बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा : मुख्यमंत्री



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय तथा 'डबल-इंजन' सहयोग बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि और ग्रामीण विकास राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इन क्षेत्रों में तेजी से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर आयोजित उच्चस्-तरीय बैठक के बाद यह बात कही। बैठक में किसानों की समृद्धि, ग्रामीण आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए लंबित राशि जारी की गई है, जिसके लिए राज्य सरकार आभार व्यक्त करती है। उन्होंने बताया कि मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत लंबित सभी भुगतानों को केंद्र सरकार के सहयोग से 30 जून से पहले पूरा करने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली महत्वाकांक्षी 'वीजीआरएएमजी' योजना आगामी एक जुलाई से पूरे राज्य में लागू कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एक करोड़ चार लाख लोगों की पहचान की गई है, जिनमें से 60 लाख पात्र पाए गए हैं। उन्होंने इन पात्र परिवारों को शीघ्र पक्का आवास उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सुरक्षा श्रेणी घटाने के लिए लालू ने नीतीश को जिम्मेदार ठहराया

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि बिहार की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा श्रेणी घटाने के पीछे वही जिम्मेदार हैं। हाल ही में सम्राट चौधरी सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी (पूर्व मुख्यमंत्री) की 'जेड प्लस' सुरक्षा श्रेणी को कम करने का और उनके वर्तमान आवास रद्द करने का आदेश जारी किया था। इस संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में राजद प्रमुख ने कहा, ''हां, सुरक्षा श्रेणी घटाई गई है। यह सब नीतीश कुमार के कहने पर किया जा रहा है।' हालांकि, बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य के कारण अब अधिकांश समय सार्वजनिक जीवन से दूर रहने वाले लालू प्रसाद ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई और विवरण नहीं दिया।

## संभल में भागीरथ तीर्थ कुंड के पास अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए

**संभल (उप्र):** संभल के राय सत्ती थाना अंतर्गत 68 तीर्थ में से एक भागीरथ तीर्थ कुंड के किनारे किए गए अस्थाई कब्जे को बुधवार को जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटा दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला प्रशासन द्वारा कुंड के समीप फैली गंदगी को भी साफ कराया गया। यह कार्रवाई जिला अधिकारी के निर्देश पर की गई। बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि मंगलवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया था। इस दौरान उनके संज्ञान में आया था भागीरथ तीर्थ के बगल में स्थित पवित्र कुंड में बहुत गंदगी है और कुंड के किनारे भूसा रखकर कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आज जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुंड की सफाई भी की गई।

## तालाब की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित मस्जिद और मंदिर ढहाए गए

**आगरा (उप्र):** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के बाद आगरा के जगदीशपुरा इलाके में अंगूठी गांव के पास तालाब की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित मस्जिद, मजार और मंदिर को बुधवार को ढहा दिया गया। भारी पुलिस बल और प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने के तहत तोड़फोड़ की यह कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी (सदर) सचिन राजपूत ने बताया कि पांच हेक्टेयर की जमीन तालाब में दर्ज है। उन्होंने कहा कि तालाब की जमीन पर मस्जिद, मजार और मंदिर बने हुए थे जिसे हटाने के आदेश एनजीटी ने दिए थे। उन्होंने बताया कि 10 जून को तहसीलदार (सदर) की अदालत द्वारा मस्जिद, मजार और मंदिर को अवैध करार देकर सभी पक्षों को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस की अवधि के दौरान मंदिर पक्ष ने मूर्तियों को हटा लिया था। उन्होंने बताया कि बुधवार को अतिक्रमण करके निर्मित की गई मस्जिद, मजार और मंदिर को हटा दिया गया।

## सपा में बड़ी टूट होगी, कई नेता भाजपा में शामिल होने को तैयार: ओम प्रकाश राजभर



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बुधवार को दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) में 'बड़ी टूट होगी' और कई नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के लिए भी तैयार हैं। समाजवादी पार्टी ने इन दावों को खारिज किया है। राजभर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि सपा नेता राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र सौंपा है। हालांकि, उन्होंने कथित पत्र के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। राजभर ने कहा, 'समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होगी। राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र सौंपा है।' उन्होंने पिछले मामलों की जांच का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि सपा पर दबाव बढ़ रहा है। राजभर ने कहा, 'खनन घोटाले और गोमती रिवर फ्रंट घोटाले का मास्टरमाइंड कौन है, यह पूरा उत्तर प्रदेश जानता है। जैसे-जैसे शिकंजा कस रहा है, सपा की चिंता बढ़ती जा रही है।' उन्होंने दावा किया कि यह स्थिति केवल महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है और 'समूची सपा भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार बैठी है।' राजभर उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल सुभासपा के प्रमुख हैं। राजभर के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने इन दावों को खारिज किया और आरोप लगाया कि राजभर के बेटे अरुण राजभर ने मंगलवार रात सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर उनसे मुलाकात की थी।

## अखिलेश ने सपा में विभाजन संबंधी राजभर के दावे को खारिज किया, कहा- पार्टी मजबूत है

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें सपा में जल्द ही विभाजन होने की बात कही गई है। अखिलेश ने कहा कि उनकी पार्टी मजबूत बनी हुई है और आरोप लगाया कि भाजपा का प्रलोभन और दबाव के माध्यम से दलों को तोड़ने का इतिहास रहा है। बाद में एक्स पर एक अन्य पोस्ट में इशारों में उन्होंने कहा, जो लोग दूसरी पार्टियों में फूट का अनुमान लगा रहे हैं, उन्हें पहले अपनी स्थिति पर नजर डालनी चाहिए।

## राम मंदिर दान राशि 'चोरी' मामले में एसआईटी ने ट्रस्ट के अधिकारियों से पूछताछ की

**अयोध्या (उप्र):** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बुधवार को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और प्रशासक गोपाल राव से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच टीम ने दान राशि की गिनती करने और ट्रस्ट का रिकॉर्ड रखने वाले लोगों से भी पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, राय और राव दोनों से दान की राशि, मंदिर के अंदर की व्यवस्थाओं और उससे जुड़े लोगों के बारे में पूछताछ की गई। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी के सदस्यों लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) किरण एस और विशेष सचिव (वित्त) नील रतन ने राय और राव से अलग-अलग पूछताछ की। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों को दूर रखा गया। सूत्रों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के अलावा टीम ने कई रिकॉर्ड की जांच की। उसने दान पेटियों का निरीक्षण किया, पेटियों की संख्या गिनी और पूरी प्रक्रिया के रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिए।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली, अगली सुनवाई 29 जून को

**सुलतानपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की सांसद-विधायक अदालत में मंगलवार को राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में सुनवाई अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) की अदालत में रिकॉर्ड तलब किये जाने के कारण टल गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 जून को होगी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि राहुल गांधी की वास्तविक आवाज और आरोप के तहत जमा की गई सीडी की आवाज के विधि विज्ञान प्रयोगशाला में मिलान को लेकर एक पुनरीक्षण याचिका (रिवीजन) एडीजे अदालत-पांच में दाखिल की गई है। इस मामले में रिकॉर्ड अधीनस्थ अदालत से एडीजे अदालत 5 में पहुंच चुका है। एडीजे अदालत 5 में इस पुनरीक्षण याचिका पर 25 जून को बहस होनी है। पिछली सुनवाई में रिकॉर्ड ना पहुंचने के कारण बहस नहीं हो पाई थी। यह मामला वर्ष 2018 का है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने एक प्रेसवार्ता में तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान दिया था। इसी बयान से आहत होकर सुलतानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने सांसद-विधायक अदालत में परिवाद दाखिल किया था।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 जून, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष चतुर्थी, 19:05 तक, नक्षत्र : पुष्य, 11:34 तक, योग : व्याघात, 17:36 तक, सूर्योदय: 04:52, सूर्यास्त: 18:23, चन्द्रोदय : 08:44, चन्द्रास्त: 22:14, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 13:55 से 15:35

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन भागदौड़ और व्यस्तता से भरा रह सकता है, मानो एक साथ कई काम आपका इंतजार कर रहे हों। लेकिन हर काम को जरूरी समझकर खुद पर बोझ डालने की जरूरत नहीं है।

**वृष :** आज आलस्य को किनारे रखकर पूरे जोश के साथ आगे बढ़ने का दिन है। बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखें, क्योंकि छोटी-सी बात भी विवाद खड़ा कर सकती है।

**मिथुन :** आज नए काम की शुरुआत के लिए समय काफी अनुकूल है। यदि लंबे समय से कोई नया कदम उठाने की सोच रहे थे, तो अब आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्क :** आज आपका मन दूसरों की मदद करने और सेवा भाव में लगा रहेगा। संतान के साथ अच्छा समय बिताने या कहीं घूमने जाने का मौका मिल सकता है, जिससे रिश्तों में और अपनापन आएगा।

**सिंह :** आज का दिन अच्छे परिणाम लेकर आएगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में किसी से हल्की बहस होने की संभावना है, इसलिए शांत रहना जरूरी होगा।

**कन्या :** आज खुशखबरियां आपके दिन को खास बना सकती हैं। व्यवसाय में किए गए बदलाव अच्छे परिणाम देंगे और आत्मविश्वास को नई ऊंचाई देंगे।

**तुला :** आज हर कदम बहुत सोच-समझकर उठाने की जरूरत होगी। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपके लिए सफलता का रास्ता खोल सकती है।

**वृश्चिक :** आज आप सफलता और प्रगति की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाते नजर आएंगे। परिवार के बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करना रिश्तों को और मजबूत बनाएगा।

**धनु :** आज का दिन समझदारी से फैसले लेने का है। बच्चों के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा और घर का माहौल भी हल्का-फुल्का बना रहेगा

**मकर :** आज का दिन सुखद और लाभदायक साबित हो सकता है। परिवार में किसी नए मेहमान के आने से खुशियों का माहौल रहेगा। निवेश करते समय दूसरों की बातों में आकर फैसला न लें।

**कुम्भ :** आज आप ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिससे आपकी छवि मजबूत होगी और सम्मान भी बढ़ेगा।

**मीन :** आज का दिन खुशी, सुकून और हल्के-फुल्के पलों से भरा रहेगा। परिवार के साथ बैठकर पुराने मतभेद खत्म करने में सफलता मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3473

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 | |
| | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | | ■ |
| 9 | 10 | ■ | | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | 14 |
| ■ | | ■ | 15 | | | | 16 | ■ | |
| 17 | | 18 | | ■ | ■ | 19 | | 20 | ■ |
| ■ | ■ | 21 | | 22 | | ■ | 23 | | |
| 24 | 25 | | ■ | | ■ | 26 | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 27 | | 28 | ■ | 29 | 30 | 31 |
| 32 | | | | ■ | 33 | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) आसक्ति; प्रीति, 4) बीच में, 7) हमेशा, 8) सत्य, 9) एक संख्या, 11) पँखड़ी, 13) घेवता, 15) गरमी, 17) पथिक, 19) बेईमानी, 21) उत्साही, 23) बहाना, 24) घमण्ड, 26) गिरोह, 27) छेना, 29) नाला; ड्रेनेज, 32) तानाशाही, 33) किसी घटना की जाँच.

*ऊपर से नीचे:-* 1) दीर्घ काल, 2) रास्ता, 3) तुरंत का; ताज़ा, 4) कोलाहल; नक्कारे की आवाज, 5) बहाना, कारण, 6) माँगना, 10) स्थिति; प्रकार; भाँति, 12) ज्वाला, 14) पुण्यक्षेत्र, 16) बूँदाबाँदी, 18) सियार, 20) ज़िद; हठ; अकड़, 22) मेघविद्युत, 25) दुर्जन; नीच, 27) अप्सरा, 28) लाल; व्यस्त, 30) पुलिस चौकी, 31) पैर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रि | स्थि | ति | ■ | प्र | ■ | प | ड़ो | स |
| ■ | श्व | ■ | त | र्क | सं | ग | त | ■ | त्का |
| प | त | ■ | र | ■ | ग | ■ | वा | न | र |
| तं | ■ | का | बि | ल | ■ | पु | र | वा | ■ |
| ग | फ़ | ल | त | ■ | द | र | ■ | ज़ | रा |
| ■ | र | ■ | र | खा | र | खा | व | ■ | म |
| हि | मा | नी | ■ | ■ | अ | ■ | सी | वे | ज |
| ■ | इ | म | ली | ■ | स | म | य | ■ | न |
| का | श | ■ | क | रा | ल | ■ | त | र्ज | नी |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3431

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | 3 | | 2 |
| | | 3 | | | 4 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| | | 6 | 3 | | | | | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| | 9 | 8 | | | 2 | | | 5 |
| | 2 | | | | 9 | | | |
| | | | | 5 | | | | 9 |
| | | 5 | | | | | | 8 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 3430 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 |

# मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने विद्यालयों में योग सत्र शुरू करने की पैरवी की

## कहा... 'बच्चे देश का भविष्य, उनका स्वस्थ रहना जरूरी'

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार विद्यालयों में प्रतिदिन योग सत्र शुरू करने की संभावना पर विचार करेगी क्योंकि यह विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए जरूरी है। पॉल ने यहां स्कूली विद्यार्थियों के साथ योग सत्र में हिस्सा लेते हुए कहा कि योग से एकाग्रता



बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आज यहां कहा कि योग कोई एक दिन की चीज नहीं है। हम विद्यालयों में योग सत्र शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री से अनुमति लेंगे। जब विद्यार्थी स्कूल आएंगे, तो पहला आधा घंटा योग के लिए रखा जा सकता है। बच्चे पश्चिम बंगाल और देश का भविष्य हैं। उनका स्वस्थ रहना जरूरी है। बिधाननगर नगर निगम के सहयोग से यहां बुधवार को आयोजित योग कार्यक्रम में छह विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शरद्वत मुखर्जी भी इस मौके पर मौजूद थे। पॉल ने बताया कि 21 जून को होने वाले योग कार्यक्रम से पहले कई गतिविधियों की योजना बनायी गयी है, जिनमें विद्यार्थी, बुजुर्ग और आम लोगों की भागीदारी वाले स्वच्छता अभियान भी शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक प्रदीप सरकार ने दिया इस्तीफा, बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर से पूर्व तृणमूल विधायक प्रदीप सरकार ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस फैसले के बाद जिले के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, प्रदीप सरकार ने बुधवार को पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य को पत्र भेजकर संगठन से मुक्त करने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने इस्तीफे में निजी कारणों का उल्लेख किया है। जिला स्तर पर पार्टी के महासचिव पद के बाद अब सीधे पार्टी छोड़ने के उनके निर्णय ने कई राजनीतिक अटकलों को जन्म दे दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके इस कदम से खड़गपुर की राजनीतिक समीकरणों पर असर पड़ सकता है। हालांकि, इस्तीफे के बाद वह किस राजनीतिक दल में शामिल होंगे, इस पर उन्होंने अभी कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है। उन्होंने केवल इतना कहा कि मैं किस दल में जाऊंगा, यह समय बताएगा।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एफसीएनआर (बी) जमा पर ब्याज दर बढ़ाकर की 7.13%, एनआरआई बैंकिंग सेवा हुई बेहतर

**कोलकाता :** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा एफसीएनआर (बी) जमा के ज़रिए विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने के लिए हाल में उठाए गए कदमों से, वाह्य क्षेत्र की स्थिति को मज़बूत करने और विदेशी मुद्रा की तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाने की दिशा में भारत का सक्रिय और दूरदर्शी दृष्टिकोण रेखांकित होता है। इस पहल से प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की भागीदारी को बढ़ावा और देश के व्यापक आर्थिक विकास के लक्ष्यों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के रिटेल लायबिलिटीज़ (खुदरा उत्तरदायित्व), टीएएससी और टीपीपी प्रमुख, हितेन्द्र झा ने कहा, आरबीआई के इस बेहद अनुकूल समय पर लिए गए निर्णय से भारत की वित्तीय प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और प्रवासी भारतीयों के लिए देश की वृद्धि की संभावना में भाग लेने का आकर्षक ज़रिया तैयार होगा। इस पहल से बैंकिंग प्रणाली में विदेशी मुद्रा प्रवाह में स्थायित्व आने की उम्मीद है, जिससे वित्तीय स्थिरता में मदद मिलेगी और भारत की वाह्य स्थिति मज़बूत होगी।

## शेख शाहजहां और अन्य आरोपियों के खिलाफ पीएमएलए मामले में आरोप तय : ईडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शेख शाहजहां, उनके भाई शेख आलमगीर और दो सहयोगियों के खिलाफ धन शोधन मामले में आरोप तय कर दिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बता दें कि ईडी ने इस मामले में मई 2024 में आरोपपत्र दाखिल किया था। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अदालत ने 15 जून को आरोप तय करने का आदेश दिया। जिन अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें शेख शाहजहां के सहयोगी शिव प्रसाद हाजरा और दीदार बक्श मुल्ला शामिल हैं। चारों फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद हैं। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 27 मई 2024 को इन चारों के खिलाफ




धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था और अदालत ने तीन जून 2024 को इसका संज्ञान लिया था। शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों के खिलाफ धन शोधन की जांच, उनके खिलाफ राज्य पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई थी। इन प्राथमिकियों में उन पर धमकी देने, हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, जमीन पर अवैध कब्जा करने आदि के आरोप लगाए गए हैं।

## श्री जैन विद्यालय, हावड़ा के छात्रों ने स्वच्छता से स्वागत अभियान में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, हावड़ा के छात्रों ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 16 जून से 20 जून तक पूरे कोलकाता महानगर क्षेत्र में चलाए जा रहे पांच दिवसीय स्वच्छता से स्वागत अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन के बाहर आयोजित स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अभियान की सफलता में अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 11वीं एवं 12वीं के कुल 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने मेट्रो स्टेशन के आसपास के फुटपाथों एवं सड़कों की सफाई की तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के




शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, द्विवेदु भट्टाचार्य, अनामिका तिवारी, दीपशिखा तिवारी, स्वागता सरकार तथा विद्यालय के खेल एवं पीटी शिक्षक विनोद सिंह और अनिल तिवारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। विद्यालय की प्रिंसिपल इंदु जोसफ चौधुरी एवं सचिव ललित कांकरिया ने अभियान में भाग लेने वाले छात्रों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा सरकार की इस पहल की सराहना की।

## मेस्सी की टीम ने पूर्व खेल मंत्री पर लगाए आरोप, अव्यवस्था के लिए ठहराया जिम्मेदार

### मंत्री के अनधिकृत कदमों से मेस्सी टीम हुई नाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** फुटबॉल के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के गोट इंडिया टूर के दौरान पिछले वर्ष दिसंबर में कोलकाता के युवा भारती स्टेडियम (सॉल्टलेक स्टेडियम) में हुई अव्यवस्था को लेकर नया मोड़ सामने आया है। मेस्सी की टीम ने राज्य के पूर्व खेल मंत्री अरूप विश्वास को इस पूरे घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार ठहराया है। बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय को भेजे गए एक ईमेल में मैसी की टीम के एक सदस्य और सलाहकार ने दावा किया है कि स्टेडियम में अव्यवस्था उस समय शुरू हुई, जब तत्कालीन खेल मंत्री अरूप विश्वास मैदान में पहुंचे। ईमेल के अनुसार, मंत्री लगातार मेस्सी के साथ तस्वीरें खिंचवाने की कोशिश कर रहे थे और उनके कंधे तथा कमर को बार-बार छू रहे थे। शिकायत में कहा गया है कि अरूप विश्वास के साथ कई ऐसे लोग भी मैदान में प्रवेश कर गए थे, जिन्हें वहां रहने की अनुमति नहीं थी।

आयोजन के दौरान मैदान में केवल तीन अधिकृत फोटोग्राफरों की मौजूदगी तय थी, लेकिन वास्तविकता में करीब 40 लोग मैदान पर मौजूद थे। मेस्सी की टीम के अनुसार, इससे अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर असहज हो गए थे और उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई थीं। इसी कारण वह कार्यक्रम को पूरा किए बिना मैदान छोड़ने के लिए मजबूर हुए। ईमेल में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार नहीं थे। मेस्सी की टीम ने कहा कि स्थिति आयोजकों के नियंत्रण से बाहर हो चुकी थी और मेस्सी के जल्दी लौटने के लिए सतद्रु दत्ता को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस घटनाक्रम के बाद सतद्रु दत्ता ने कहा कि मेस्सी की टीम की ओर से भेजा गया यह ईमेल जांच में महत्वपूर्ण मदद करेगा।

## बांकुड़ा में टीएमसी को झटका, मेयर अलका सेन मजूमदार ने दिया इस्तीफा

**बांकुड़ा :** राज्य में तृणमूल कांग्रेस को लगातार झटके लगने के बीच बांकुड़ा नगर निगम की अलका सेन मजूमदार ने अचानक मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। बुधवार को वह बांकुड़ा जिला एसडीओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफे के बाद अलका सेन मजूमदार ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी थी, उसे उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों और संगठन के निर्णय का सम्मान करते हुए मेयर पद से इस्तीफा दिया है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपेगी, वह उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि अलका सेन मजूमदार ने वर्ष 2022 में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में नगर निगम बोर्ड के गठन के बाद मेयर का पद संभाला था। उनके कार्यकाल के दौरान बांकुड़ा नगर निगम कई बार विवादों और राजनीतिक खींचतान के कारण चर्चा में रहा। नगर निगम बोर्ड के भीतर मतभेद, पार्षदों की नाराजगी और प्रशासनिक फैसलों को लेकर उठे सवालों ने कई बार संगठन और प्रशासन के सामने चुनौतियां खड़ी कीं। फिलहाल, तृणमूल कांग्रेस की ओर से इस मामले पर कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## न्यूज अपडेट

### रेलवे सुरक्षा अनुसंधान एवं विकास में 100 करोड़ का निवेश करेगी नोवा

**कोलकाता :** रेलवे सिग्नलिंग, ट्रेन प्रोटेक्शन और सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाली कंपनी नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स (नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स) ने अगले कुछ वर्षों में अगली पीढ़ी की रेलवे सुरक्षा प्रणालियों के अनुसंधान एवं विकास पर 100 करोड़ से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य रेलवे सिग्नलिंग, ट्रेन सुरक्षा और ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताओं को और मजबूत करना है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब भारतीय रेलवे कवच प्रणाली के विस्तार और रेलवे संचालन के डिजिटलीकरण को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। ऐसे में साइबर सुरक्षा रेलवे सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक बनकर उभर रही है। नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरजीत मुखर्जी ने कहा, रेलवे सुरक्षा एक बुनियादी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। जहां कवच जैसी तकनीकों ने ट्रेन सुरक्षा को मजबूत किया है, वहीं सिग्नलिंग, ट्रेन नियंत्रण और परिचालन प्रणालियों के बढ़ते डिजिटलीकरण ने उद्योग के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। ई2ई रेल के प्रमोटर चेयरमैन विनय राव ने कंपनी की दीर्घकालिक रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत के पास रेलवे सुरक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करने का एक अनूठा अवसर है। अगले कुछ वर्षों में नोवा अगली पीढ़ी की रेलवे सुरक्षा प्रणालियों के अनुसंधान एवं विकास में 100 करोड़ से अधिक का निवेश करेगी।

### बेटे ने मां की हत्या कर शव के किए टुकड़े, आरोपी गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक बेटे ने अपनी वृद्ध मां की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान भारती चक्रवर्ती (65) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह अपने बेटे बासुदेव चक्रवर्ती के साथ कोलाघाट थाना क्षेत्र के काउरचंडी गांव में रहती थीं। बताया जा रहा है कि मंगलवार तड़के करीब चार बजे आरोपी ने घर के अंदर धारदार कुल्हाड़ी से अपनी मां पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। आरोप है कि हत्या के बाद आरोपी ने शव को क्षत-विक्षत कर दिया और शरीर से अलग किए गए हिस्से को एक बोरे में भरकर घर से बाहर ले गया। बाद में उसे घर के पास स्थित एक तालाब में फेंक दिया। घटना के बाद आरोपी वापस घर लौट आया, जबकि घर के अंदर वृद्धा का रक्तरंजित शव पड़ा रहा। स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। खबर मिलते ही कोलाघाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बासुदेव चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले की जांच जारी है।

### कॉलेज स्ट्रीट ठनठनिया मर्चेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित विधायकों का किया सम्मान




**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉलेज स्ट्रीट ठनठनिया मर्चेंट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में मार्केट परिसर में नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री तापस राय, विधायक विजय ओझा तथा भाजपा युवा अध्यक्ष तमोघ्न घोष उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह के अध्यक्ष विकास जायसवाल ने अपने संबोधन में समाज एवं व्यापारिक वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने तथा उनके हितों के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही। समारोह में अरुण कुमार साव, ध्रुवचंद जायसवाल, काली प्रसाद जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल, नवीन जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, संजय जायसवाल, रामफूल जायसवाल, नरेंद्र दा, मंजू जायसवाल, आकाश जायसवाल, श्याम जायसवाल, भारत जोशी, जयप्रकाश नारायण, आनंद खरवार, पंचम जायसवाल, तिनकोरी दत्ता (सिटी केबल) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आकाश, आदर्श, शुभम, अजय, संजू, सन्नी, जयप्रकाश जैन, अंकित एवं पिंटू जायसवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र जायसवाल ने किया।

### नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शालीमार स्टेशन के दो नंबर गेट के निकट स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के तहत भगवान हनुमान की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। धिरण मोड़ स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को रेलवे प्रशासन द्वारा हटाने के निर्देश जारी किए गए थे। स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था और विरोध को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने मंदिर को शालीमार स्टेशन के दो नंबर गेट के निकट स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। इसके बाद यहां एक भव्य नए मंदिर का निर्माण कराया गया, जिसे बाद में रेलवे प्रशासन ने हनुमान मंदिर डेवलपमेंट ट्रस्ट को सौंप दिया। धार्मिक आयोजन के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने मां गंगा से गंगाजल लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए नवनिर्मित मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना, हवन एवं अष्टयाम कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बुधवार को वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर डेवलपमेंट ट्रस्ट की ओर से नगरवासियों को इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसके चलते बड़ी संख्या में भक्त मंदिर परिसर में पहुंचे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं।

## ममता ने कोलकाता में रेहड़ी-पटरी वालों को हटाए जाने के विरोध में निकाली रैली

- **प्रशासन के हॉकर उन्मूलन अभियान के खिलाफ मानव बंधन बनाया**
- **गरीब दुकानदारों की जीविका और सम्मानजनक पुनर्वास की मांग की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रेहड़ी-पटरी वालों को हटाए जाने के विरोध में मध्य कोलकाता में बुधवार को बिना किसी पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे सामान बेचने वाले विक्रेताओं को हटाने की किसी भी कार्रवाई से पहले उनके पुनर्वास का इंतजाम किया जाना चाहिए। ममता ने प्रशासन को विरोध मार्च निकालने की अपनी योजना के बारे में पहले से नहीं बताया था। वह बेलेघाटा से विधायक कुणाल घोष और पूर्व सांसद डोला सेन सहित अन्य तृणमूल नेताओं के साथ अचानक शहर के बीचों-बीच एस्प्लेनेड पहुंचीं, जहां उनके आसपास भारी भीड़ जमा हो गई। इसके बाद, ममता ने एस्प्लेनेड से सुबोध मलिक चौक तक लगभग 1.2 किलोमीटर लंबा विरोध मार्च निकाला। यह मार्च राज्य में रेहड़ी-पटरी वालों को हटाए जाने संबंधी अभियान के विरोध में निकाला गया, जिसे पार्टी ने 'गैर-कानूनी, अन्यायपूर्ण और अमानवीय' करार दिया था। तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि ममता ने रेहड़ी-पटरी वालों को हटाए जाने के खिलाफ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और आम लोगों की गरिमा, आजीविका एवं अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया। यह विरोध मार्च रेहड़ी-पटरी वालों को हटाए जाने की कार्रवाई के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के बीच निकाला गया।




हालांकि, विरोध मार्च में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम दिखी। रेहड़ी-पटरी वालों को हटाने और चुनाव के बाद कथित हिंसा जैसे मुद्दों पर पार्टी के विरोध-प्रदर्शन के आह्वान के बावजूद तृणमूल के कई विधायक और पार्षद मार्च में शामिल नहीं हुए।

### ममता ने आंतरिक संकट से निपटने के लिए किए संगठनात्मक बदलाव, वफादारों पर जताया भरोसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद बिखर चुकी तृणमूल कांग्रेस को संभालने के लिए ममता बनर्जी ने संगठन में व्यापक बदलाव किए हैं। 294 सीटों में से केवल 80 सीटों पर सिमटने वाली तृणमूल के भीतर बगावत का दौर जारी है, जहां लगभग 65 विधायक ममता का साथ छोड़कर 'सच्ची तृणमूल' गुट में शामिल हो चुके हैं। इस आंतरिक संकट से निपटने के लिए ममता बनर्जी ने पुराने और अनुभवी चेहरों पर दांव लगाया है। नए संगठनात्मक ढांचे के तहत तेजतर्रार नेता कुणाल घोष को उत्तर कोलकाता का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि दक्षिण कोलकाता की कमान देबाशीस कुमार की जगह वैश्वानर चटर्जी को सौंपी गई है। हुगली-श्रीरामपुर में पार्टी ने पूर्व विधायक असित मजूमदार पर दोबारा भरोसा जताया है। बैरकपुर में बागी पार्थ भौमिक की जगह अमित गुप्ता को कमान मिली है, जबकि हावड़ा सदर से पूर्व मंत्री अरूप राय को हटाकर राजीव बनर्जी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### ममता बनर्जी के आवास की सुरक्षा बढ़ी

राज्य में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है। आवास के आंगन में नीले रंग की फेंसिंग लगाई गई है, ताकि बाहर से कोई व्यक्ति अंडा या अन्य वस्तु अंदर न फेंक सके। यह कदम सोमवार को तृणमूल विधायक कुणाल घोष पर ममता बनर्जी के आवास के बाहर अंडा फेंके जाने की घटना के बाद उठाया गया।

## श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन ट्रस्ट ने 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान के समर्थन में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने एवं स्वच्छता के प्रति सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन ट्रस्ट द्वारा मंगलवार प्रातः 8 बजे विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन (काला), उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन पांड्या, सचिव सीए कमल नयन जैन तथा संयोजक सुरेश पाटनी सहित ट्रस्ट के सदस्य, युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक एवं स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान क्षेत्र की सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों, फुटपाथों एवं आसपास के परिसरों की सफाई



की गई। स्वयंसेवकों ने श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया तथा स्थानीय नागरिकों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यह संदेश भी दिया गया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद कुमार जैन (काला) ने कहा कि मुख्यमंत्री का 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रेरणादायी प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता किसी भी विकसित एवं जागरूक समाज की पहचान होती है तथा जनभागीदारी के बिना कोई भी अभियान पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के सेवा-भाव एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता की भावना को मजबूत करते हैं।

### नर्सिंग होम के गोदाम से सड़ा-गला शव बरामद

**बीरभूम :** बीरभूम जिले के रामपुरहाट में एक निजी नर्सिंग होम के गोदाम से अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रामपुरहाट नगर पालिका के चेयरमैन एवं तृणमूल कांग्रेस नेता सौमेन भगत के बड़े भाई दीपक कुमार भगत के स्वामित्व वाले एक निजी नर्सिंग होम के गोदाम से बुधवार को यह शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि गोदाम से तेज दुर्गंध आने पर कर्मचारियों ने वहां जाकर जांच की। तलाशी के दौरान गोदाम के अंदर एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव पड़ा मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल, यह पता नहीं चल पया है कि मृतक गोदाम के अंदर कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

## द कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल के विद्यार्थियों ने 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान में निभाई सक्रिय भूमिका





**कोलकाता, समाज्ञा :** द कलकत्ता एंग्लो गुजराती (सीएजी) स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए स्वच्छता एवं जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यस्थलों एवं आवासीय क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के प्रति नागरिकों को जागरूक करना तथा जिम्मेदार कचरा प्रबंधन की भावना को बढ़ावा देना है। विद्यालय के छात्रों ने समिति सदस्यों चंद्रेश मेघानी (संयुक्त सचिव), परिमल अजमेरा (संयुक्त सचिव), परेश दफ्तरी (केंद्रीय समिति सदस्य) तथा विद्यालय की प्राचार्या जिमी सैनी के मार्गदर्शन में अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष जॉयदीप मुखर्जी, भास्वती चौधरी, अनीता रॉय, प्रीति पॉल एवं रोहिणी गुप्ता ने भी विद्यार्थियों का नेतृत्व किया। यह अभियान कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन (सीडबल्यूबीटीए) के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार एवं वार्ड संख्या 45 के पार्षद संतोष पाठक विशेष रूप से आमंत्रित थे। इसके अलावा, रोहित पाठक एवं हेमल दफ्तरी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरे के उचित निस्तारण एवं पृथक्करण (सेग्रिगेशन) के प्रति जागरूक किया। साथ ही सामुदायिक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने तथा पर्यावरण प्रदूषण को कम कर जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने समाज में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# निष्कासित नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर हाई कोर्ट ने स्पीकर के फैसले पर उठाए सवाल

❑ अदालत ने सुनवाई के बाद फैसला रखा सुरक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता को लेकर चल रहे विवाद पर बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष की निर्णय प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूछा कि जिस नेता को उसकी ही पार्टी ने निष्कासित कर दिया है, क्या उसे उसी दल का नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है। मामले की



सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

सुनवाई के दौरान तृणमूल कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि गुरुवार से विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है। ऐसे में यदि किसी मुद्दे पर पार्टी का निर्णय लेना हो तो वह पार्टी नेतृत्व करेगा या ऋतब्रत बनर्जी। इस दौरान अदालत ने स्पीकर से यह भी जानना चाहा कि पहले प्रस्ताव को नजरअंदाज कर बाद में भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकार करने का आधार क्या था। न्यायालय ने टिप्पणी की कि जब कथित जालसाजी को लेकर एफआइआर दर्ज है और विवाद लंबित है, तब दोनों पक्षों को सुनने से पहले निर्णय क्यों लिया गया। अदालत ने यह भी पूछा कि निष्कासन संबंधी पत्र मिलने के बावजूद संबंधित नेता को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता कैसे दी गई। स्पीकर की ओर से पेश अधिवक्ता ने दलील दी कि याचिका तथ्यों को छिपाने के उद्देश्य से दायर की गई है। उनका कहना था कि छह मई को कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ था और 19 मई को पूर्व तिथि दर्शाकर हस्ताक्षर किए गए। इसलिए याचिका खारिज की जानी चाहिए। वहीं, ऋतब्रत बनर्जी की ओर से अधिवक्ता जयदीप कर ने कहा कि नौ मई को नेता प्रतिपक्ष के संबंध में सूचना भेजी गई थी। इसके बाद, 18 मई को स्पीकर ने पार्टी से प्रस्ताव मांगा और अगले दिन बैठक बुलाई गई। उनके अनुसार, छह और 19 मई को कोई औपचारिक प्रस्ताव पारित नहीं हुआ, केवल हस्ताक्षर लिए गए थे। 20 मई को स्पीकर ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री की चेतावनी के 24 घंटे के अंदर अनित थापा ने जीटीए के प्रमुख पद से दिया इस्तीफा

**दार्जिलिंग :** बीजीपीएम के अध्यक्ष अनित थापा ने बुधवार को कहा कि उन्होंने गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के मुख्य कार्यकारी के पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के सहयोगी थापा ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफ़े की घोषणा की। यह घोषणा ऐसे वक्त की गई है जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा था कि उनकी सरकार जीटीए के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। मुख्य कार्यकारी का पद छोड़ने के अलावा, थापा ने जीटीए के सदस्य पद से भी इस्तीफा दे दिया। थापा के करीबी सूत्रों ने बताया कि बीजीपीएम अब पहाड़ी इलाकों के विकास के लिए राज्य में भाजपा नीत सरकार के साथ सहयोग करेगी। थापा ने गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) से अलग होकर भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) का गठन किया।

### जनकल्याण शिविर से लौट रही महिला की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के उलुबेड़िया में जनकल्याण शिविर में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने पहुंची एक महिला की घर लौटते समय अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृत महिला का नाम शिप्रा दास है। जानकारी के अनुसार, दुइल्या ग्राम पंचायत के मिलबाजार क्षेत्र की निवासी शिप्रा दास बुधवार को जनकल्याण शिविर में पहुंची थी। शिविर में अपना कार्य पूरा करने के बाद वह घर लौट रही थीं। इसी दौरान आंदुल राजपोल इलाके के पास उन्हें अचानक चक्कर आया और वह सड़क पर गिर पड़ी। बताया जा रहा है कि स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों ने तत्काल उनकी सहायता की। उन्हें सुरक्षित स्थान पर बैठाकर प्राथमिक उपचार देने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें टोटो से एक निजी अस्पताल ले जाया गया। मृतका की रिश्तेदार अर्पिता दास ने बताया कि पहले उन्हें आंदुल के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। बाद में बेहतर इलाज के लिए उलुबेड़िया के एक निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन धूलागढ़ के पास रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उलुबेड़िया पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## राज्य में योग दिवस से पहले मचा बवाल, हाई कोर्ट पहुंचा मामला, आज सुनवाई

**रेड रोड को सात दिन बंद करने एवं सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी अनिवार्य करने पर चुनौती**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कानूनी विवाद गहरा गया है। 21 जून को रेड रोड पर आयोजित होने वाले मुख्य योग कार्यक्रम से पहले दो अलग-अलग मामलों में कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। पहली याचिका रेड रोड को सात दिनों तक आम यातायात के लिए बंद रखने के सरकारी निर्णय के खिलाफ दायर की गई है, जबकि दूसरी याचिका राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों की योग दिवस कार्यक्रम में भागीदारी अनिवार्य किए जाने के आदेश को चुनौती देती है। रेड रोड बंद करने के निर्णय के खिलाफ अधिवक्ता शमीम अहमद की ओर से दायर याचिका पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने सुनवाई के लिए सहमति दे दी है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल रेड रोड को एक सप्ताह तक बंद रखने से लाखों लोगों को भारी असुविधा होगी। उनका तर्क है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए भी यातायात को पूरी तरह बाधित किए बिना वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है। दूसरी ओर, राज्य सरकार के 14 जून के आदेश के खिलाफ सरकारी कर्मचारी संगठन को-आर्डिनेशन कमेटी ने भी हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। आदेश में स्थायी और अस्थायी सभी सरकारी कर्मचारियों को योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारी संगठन का कहना है कि योग दिवस में भागीदारी पूरी तरह स्वैच्छिक होनी चाहिए और इसे किसी कर्मचारी पर अनिवार्य रूप से नहीं थोपा जा सकता। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की अदालत में होने की संभावना है।

## बजट से पहले वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने निर्मला सीतारमण एवं अशोक लाहिड़ी से की मुलाकात



❑ राज्य की आर्थिक स्थिति और विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य की नई भाजपा सरकार के पहले बजट से पहले राज्य के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी से मुलाकात की। 22 जून को विधानसभा में बजट पेश होने से पहले हुई इन बैठकों में राज्य की आर्थिक स्थिति, केंद्र-राज्य समन्वय और विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। दिल्ली से लौटने के बाद स्वपन दासगुप्ता ने कहा कि बंगाल की आर्थिक स्थिति विशेष ध्यान और निगरानी की मांग करती है। उन्होंने बताया कि कुछ कदम केंद्र सरकार के स्तर पर उठाए जाएंगे, जबकि कई सुधार राज्य सरकार स्वयं करेगी। हालांकि, उन्होंने बैठकों में हुई चर्चा के विशिष्ट बिंदुओं का खुलासा नहीं किया। वित्त मंत्री के अनुसार, राज्य की आर्थिक मजबूती और विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम करेंगे।

## डोमजूर में तृणमूल पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ के बाद आगजनी, इलाके में तनाव

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर के निबरा इलाके में बुधवार शाम तृणमूल कांग्रेस के एक पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। गुस्साए स्थानीय लोगों ने पहले कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की और बाद में उसमें आग लगा दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के किनारे स्थित यह पार्टी कार्यालय कथित रूप से अवैध वसूली और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों का केंद्र बना हुआ था। उनका दावा है कि आसपास के दुकानदारों के बिजली मीटर बॉक्स कार्यालय में रखे जाते थे और उनसे वास्तविक बिजली बिल की तुलना में अधिक राशि वसूली जाती थी। आरोप यह भी है कि पैसे नहीं देने पर दुकानदारों को धमकाया जाता था। स्थानीय निवासियों का कहना



है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार शाम आक्रोशित लोगों ने कार्यालय में रखे फर्नीचर और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया तथा बाद में आग लगा दी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

## हॉकरों के बेदखली पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक, जमीन रेलवे की है या नहीं होगा चेक

**कोलकाता, समाज्ञा**

रेलवे स्टेशनों के आसपास चल रही बेदखली कार्रवाई पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने साफ कहा कि जिन इलाकों में नोटिस जारी किए गए हैं, वहां कार्रवाई से पहले रेलवे को यह साबित करना होगा कि जमीन वास्तव में उसकी है। साथ ही, अदालत ने जून के आखिर तक कई विवादित क्षेत्रों में बेदखली पर रोक लगा दी है। जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की अदालत में 25 मामलों पर सुनवाई हुई। ये सभी मामले रेलवे स्टेशनों के आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों से जुड़े हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि कई जगहों पर नोटिस तो जारी कर दिए गए, लेकिन जमीन के मालिकाना हक को लेकर अब भी सवाल बने हुए हैं।

अदालत ने निर्देश दिया कि रेलवे पहले खुद मौके पर जाकर जांच करे, फिर विस्तृत रिपोर्ट पेश करे। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक बालीगंज, बामनगाची, बारुईपुर, डंकुनी, हाबरा, गुमा, बनगांव, दुर्गानगर, हृदयपुर, मथुरापुर और जादवपुर जैसे इलाकों में जारी नोटिसों पर अमल नहीं किया जा सकेगा। कोर्ट ने रेलवे से कहा कि वह केवल कागजी रिकॉर्ड नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविक स्थिति को जांचे। साथ ही, हर मामले में यह स्पष्ट किया जाए कि नोटिस किस आधार पर जारी किए गए हैं। अदालत ने उन लोगों की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है, जिन्हें पहले वहां काम करने या दुकान चलाने की अनुमति मिली थी। कोर्ट के मुताबिक, बेदखली से पहले प्रभावितों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के विकल्प पर विचार कर उसकी जानकारी अदालत को दी जाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि जिन लोगों के पास लाइसेंस या वैध अनुमति रही है, उनके मामले में रेलवे का क्या रुख है? कोर्ट ने साफ किया कि सिर्फ नक्शे में जमीन दिखा देना काफी नहीं है। पहले भौतिक रूप से यह पक्का किया जाना चाहिए कि विवादित जमीन वास्तव में रेलवे की ही है। अब रेलवे को जमीनी निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देनी होगी। इसके बाद ही अदालत इस मामले में आगे की सुनवाई करेगी।

## न्यूज अपडेट

### रिसड़ा में 'जनादेश सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन, मंत्रियों समेत कई गणमान्य हुए शामिल




**हुगली :** जिले के रिसड़ा के बागखाल इलाके स्थित देवटिया बैंक्वेट हॉल में जनादेश सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, हुगली शाखा द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राज्य की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में शहरी विकास एवं नगर पालिका विभाग की मंत्री अग्निमित्रा पाल, अजय कुमार पोद्दार (लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण) और भास्कर भट्टाचार्य (श्रम एवं लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री) सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इसके अलावा विधायक दिलीप सिंह, प्रसेनजीत बाग, दीपांजन गुहा, भाजपा नेत्री एवं पार्षद शशि सिंह झा, पार्षद मनोज सिंह, भाजपा नेता अच्छेलाल यादव, बैरिस्टर कबीर शंकर बोस तथा रिसड़ा थाना प्रभारी संजय सरकार समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों को समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवी और गणमान्य नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी गरिमामय बन गया। आयोजकों के अनुसार, इस समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना और सामाजिक एकता को सशक्त बनाना है।

### उगाही, भ्रष्टाचार और जालसाजी के मामलों में फरार तृणमूल पार्षद सुशांत घोष पुरी से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उगाही, भ्रष्टाचार और जालसाजी के मामलों में वांछित तृणमूल कांग्रेस के निगम पार्षद सुशांत घोष को ओडिशा के पुरी से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घोष को कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और ओडिशा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान के दौरान पकड़ा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के कस्बा क्षेत्र के पार्षद घोष पर उगाही, धमकी देने, भ्रष्टाचार और जालसाजी के आरोप हैं। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ उगाही से जुड़ी एक प्राथमिकी दर्ज थी और वह इस मामले में फरार थे। अधिकारी ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों राज्यों की पुलिस टीम ने पुरी में घोष को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि घोष को कोलकाता लाया जा रहा है। अधिकारी के अनुसार, उनके खिलाफ कई शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फुटपाथ की दुकान को साढ़े तीन लाख रुपये में बेचने का आरोप भी शामिल है। घोष पर फेरीवालों और स्थानीय व्यापारियों से बड़ी रकम वसूलने का भी आरोप है।

### बुजुर्ग की हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**हुगली :** हुगली जिले के सिंगुर में संपत्ति विवाद के चलते एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में चंदननगर अदालत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल 2024 की सुबह सिंगुर के मिर्जापुर बाजार में अपने बेटे जयंत के साथ आम बेचने जा रहे शैलेंद्रनाथ पाकिड़ा पर पीछे से आम के पेड़ की डाली से हमला किया गया था। आरोप है कि जयदेव पाकिड़ा और लक्ष्मण पाकिड़ा ने उनके सिर पर वार किया। जमीन पर गिरने के बाद भी दोनों उनकी पिटाई करते रहे, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के बेटे जयंत पाकिड़ा ने सिंगुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई चंदननगर अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। बुधवार को अदालत ने दोनों भाइयों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मामले के सरकारी वकील गोपाल पात्र ने बताया कि संपत्ति विवाद के कारण मृतक के चचेरे भाई के बेटों ने हत्या की साजिश रची थी।

### जहांगीर खान को छुड़ाने के लिए फलता थाने पर हमले के प्रयास के आरोप में आठ गिरफ्तार

❑ तृणमूल नेता की पत्नी मास्टरमाइंड, एफआईआर दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान को छुड़ाने के लिए दक्षिण 24 परगना जिले में फलता थाने पर धावा बोलने का प्रयास करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस साजिश के कथित मास्टरमाइंड के तौर पर जहांगीर खान की पत्नी को नामजद किया है। अधिकारी के अनुसार, मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान थाने पर हमले की आशंका को देखते हुए पहले से ही सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई करके पुलिस और केंद्रीय बलों ने किसी भी संभावित हमले को विफल कर दिया। जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों का उद्देश्य जबरन आरोपी को छुड़ाना और इलाके में अशांति फैलाना था। जांचकर्ताओं ने बताया कि भीड़ फलता के शातोल कोलसा क्षेत्र में खान के घर के पास एकत्रित होकर थाने की ओर बढ़ी, जिससे तनाव की स्थिति बन गई। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि खान की पत्नी सोमवार से ही समर्थकों को जुटाने में सक्रिय थीं और इस संबंध में उनके खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांचकर्ताओं ने बताया कि जांच के दौरान खान की पत्नी के खिलाफ कई अन्य शिकायतें भी सामने आयी हैं। पुलिस ने संकेत दिया है कि जांच के आधार पर गिरफ्तारी सहित आगे और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। मामले की जांच जारी है।

## पूर्व रेलवे मानसून से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार, हावड़ा और सियालदह मंडल में व्यापक इंतजाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने मानसून के दौरान यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और निर्बाध यात्रा उपलब्ध कराने के लिए हावड़ा और सियालदह मंडल में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में इंजीनियरिंग, विद्युत, सिग्नल एवं परिचालन विभागों ने संयुक्त रूप से विशेष कार्ययोजना लागू की है। पूर्व रेलवे द्वारा जलभराव रोकने के लिए बड़े पैमाने पर पूर्व-मानसून सफाई अभियान चलाया गया है। हावड़ा मंडल में ट्रैक किनारे और क्रॉस-ट्रैक ड्रेनों के कुल 1,06,839 मीटर में से 1,04,097 मीटर की सफाई पूरी कर ली गई है। वहीं, रेलवे कॉलोनियों के 16,761.8 मीटर लंबे नालों में से



16,446.3 मीटर की सफाई की जा चुकी है। सियालदह मंडल में भी यार्डों और संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक सफाई एवं जलनिकासी व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सुरक्षा को देखते हुए हावड़ा मंडल में 47 संवेदनशील स्थलों की पहचान की गई है, जिनमें 9 स्थानों पर विशेष पेट्रोलिंग शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, 10 नए लिमिटेड हाइट सबवे पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है, जबकि जलभराव संभावित 54 एलएचएस पर जीपीएस युक्त गश्ती कर्मियों की तैनाती की गई है। निर्माणाधीन दो नए पुलों पर भी विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है।

हावड़ा मंडल के 195 स्टेशनों और 1,493 प्लेटफॉर्म शेडों का सुरक्षा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिन्हित 485 कमियों में से 338 का निराकरण कर लिया गया है। वहीं, ट्रैक किनारे चिन्हित 7,627 पेड़ों में से 7,558 की छंटाई पूरी कर ली गई है ताकि ओवरहेड विद्युत लाइनों और सिग्नलों के संचालन में कोई बाधा न आए। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और निर्बाध रेल संचालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, व्यापक योजना, डेटा आधारित निगरानी और चौबीसों घंटे सतर्कता के माध्यम से पूर्व रेलवे मानसून के दौरान भी यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और परेशानी-मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## कोन्नगर में एक युवक की चाकू मारकर हत्या

**हुगली :** हुगली जिले के कोन्नगर के बागखाल मिल मैदान इलाके में एक युवक की चाकू मारकर हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार देर रात बागखाल इलाके के एक मैदान की झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर उत्तरपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर श्रीरामपुर वॉल्श अस्पताल भेज दिया।

मृतक की पहचान मोहम्मद एकलाख अंसारी के रूप में हुई है। वह हाइड्रा वाहन का चालक था। परिजनों के अनुसार, वह बुधवार से काम पर जाने वाला था। मृतक की मां ने बताया कि मंगलवार शाम उसका दोस्त मोहम्मद फरियाद उसे घर से बुलाकर ले गया था।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मिल मैदान में दोनों युवक गांजे का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि फरियाद ने अपने पास मौजूद चाकू से एकलाख के सीने पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक की मां का दावा है कि उनका बेटा तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा था, लेकिन उसकी किसी से कोई दुश्मनी या विवाद नहीं था।

पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि नशे की हालत में हुए विवाद के कारण यह हत्या हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे बुधवार को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया जाएगा।

## हरियाणा युवा संगठन ने निःशुल्क भोजन वितरण किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** हरियाणा युवा संगठन द्वारा आयोजित जनसेवा निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग 400 जरूरतमंद भाई-बहनों तक भोजन पहुंचाया जा सका। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक सुंदर उदाहरण है। हरियाणा युवा संगठन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि सामाजिक सेवा ही हमारा कर्तव्य है हमारा संगठन हर समय हर क्षेत्र में अग्रणी रहता है समय समय पर सेवा कार्य करता रहता है। सभी सदस्यों ने खूब मेहनत की प्रोग्राम को सफल बनाया। राजू गुप्ता, रामावतार मुधालिया, दुली चन्द, रणबीर, संदीप, रतन, अशोक, रमन, दीपक, नदलाल, महेंद्र अग्रवाल, दयानन्द शास्त्री, रणबीर शास्त्री, मनीष, विजय शर्मा, रणबीर सिंह कमल आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार में श्रद्धा-भक्ति के साथ श्रीमद्भागवत कथा हुई संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पतित पावन पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार में श्रीमद्भागवत कथा अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्या दीदी ऋचा मिश्रा के मधुर मुखारविन्द से किया गया, जिसका समापन रविवार को सानन्द संपन्न हुआ। कथा के मुख्य यजमान श्री गजानन्द एवं श्रीमती गायत्री देवी बिड़दीका ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा प्रारम्भ की तथा प्रतिदिन के यजमानों सर्वश्री विश्वनाथ दारुका, अशोक अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, बसन्त अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, पवन गुप्ता, अशोक अग्रवाल, महेन्द्र गुप्ता, दीपक अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सन्नी शर्मा, नरेन्द्र चौधरी, मनमोहन स्वाईका, पंकज साव के साथ -साथ कई अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कथा का उद्घाटन विवेक आडुकिया एवं अशोक पोद्दार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर





मंदिर के ट्रस्टी ओम जालान, मुरारी लाल दीवान, गणेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सुमन जालान सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा श्याम के दरबार में अपनी हाजिरी लगाते हुए कथा श्रवण का आनन्द लिया। गौतम नारसरिया, सुनील चौधरी, विक्रम नारसरिया, सुनील खेतान, मनीष नारसरिया, किशन प्रकाश किल्ला, रविन्द्र लड़िया, पप्पू चौधरी, बिमल बेंगानी, जुगलकिशोर अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, मदन राजगढ़िया, श्रवण अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, शंकर भावसिंहका, नारायण-कृष्णा अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, जगजीत सिंह, विनीता खेतान, कैलाश क्याल सपत्नी, कैलाश केजरीवाल, कुसुम नेवर, बबलु साव, कामिनी टिबड़ेवाल, केशव शर्मा, सतीश शर्मा, सीमा शर्मा, विजय मित्तल, सुरेश गाड़ोदिया, अमर भरतिया, पुष्पा साव, डोली अग्रवाल, अंकित जायसवाल, राजकुमार मुसद्दी, बिमल दीवान, दीपक संघई, सुभाष मुरारका, सज्जन बंसल, सुरेश गोयल, प्रीतम जैन, सत्यनारायण गुप्ता (ख्रक्ष्क्), आलोक मोर, श्यामसुन्दर अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (35श्र्थ्), रोशन साव, जयप्रकाश साव, बालकिशन अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, बिमल सदाका, महेन्द्र अग्रवाल, जुगलकिशोर सराफ, रतनलाल अग्रवाल, तुषार चौधरी, जुगलकिशोर जाजोदिया, संतोष अग्रवाल, रमेश खेतान, रानी दास, रामप्रकाश सराफ, विजय भूत, श्याम अग्रवाल, संजय हरलालका, राजीव जाजोदिया, विनोद सुल्तानिया सपत्नी, मुकेश गोयल, रश्मि टाँटिया, विद्यावती दिनोदिया, अन्नपूर्णा चौधरी आदि भीषण गर्मी के बावजूद काफी संख्या में कथा का श्रवण करने पहुँचे। मंदिर प्रांगण के बाहर भी कथा श्रवण करने वालों की लम्बी भीड़ देखी गयी। कथा समापन के अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी एवं सचिव गोविन्द मुरारी अग्रवाल को समग्र कर्तृत्व सम्मान मंदिर के सदस्यों द्वारा उपस्थित श्रोताओं की विशाल करतल ध्वनि के मध्य मुख्य यजमान श्री गजानन्द बिड़दीका के कर-कमलों द्वारा शॉल, मोतियों की माला के साथ-साथ प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर किया गया। साथ ही उनकी धर्मपत्नी आरती देवी को गायत्री देवी बिड़दीका द्वारा विशेष चुनड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंदिर परिवार की ओर से गोपाल जालान, सुशील शाह, श्याम अग्रवाल, बालमुकुन्द अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, पवन अग्रवाल, अजय भावसिंहका, प्रवीण केजरीवाल, विकास भावसिंहका, नरेश दारुका, सुरेश अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, भवानीशंकर अग्रवाल, मनोहर केजरीवाल, विनोद अग्रवाल, जितेन्द्र राय, संजय केसरी कथा के सफल संचालन में विशेष रूप से सक्रिय रहे। अध्यक्ष राजपाल गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उक्त जानकारी मंदिर के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

# फलों का राजा आम

चेतन चौहान

गर्मी का मौसम शुरू होते ही बाजार में आम की आवक शुरू हो जाती है। आम के स्वाद की वजह से ही इसे फलों का राजा कहा जाता है। आम हर उम्र के लोगों की पहली पसंद है व सभी इसे चाव से खाते हैं। वेदों में आम को विलास का प्रतीक माना गया है। आम स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पाचक,रेचक व बलप्रद होता है। प्रजातियों की दृष्टि से इनके आकार व प्रकार में भिन्नता होती है। आम के दो स्वरूप होते हैं कच्चा और पक्का। इन दोनों के ही विशिष्ट औषधियां उपयोग हैं।

आम में मौजूद एंटी-आक्सीडेंटस, कोलोन, ब्रेस्ट कैंसर, ल्यूकेमिया और प्रोस्टेट कैंसर से बचाव करता है। इसमें क्यूर्सेटिन, एस्ट्रागालिन, फिसेटिन जैसे कई तत्व हैं जो कैंसर को पनपने से रोकते हैं। आम में वैसे तो फाइबर और विटामिन 'सी' बड़ी मात्रा में होता है, जो लोडेंसिटीलिप्रोटीन यानी बैड कोलेस्ट्राल का स्तर कम करने में सहायक होता है।



आम खाएं या पैक के रूप में लगाएं। यह त्वचा के छिद्रों को खोलता है जिससे चेहरे पर मुंहासे कम होते हैं। आम में विटामिन'ए' भी होता है जो आंखों की रोशनी बढ़ाता है और रतौंधी जैसे रोगों से दूर रखता है। इसके सेवन से कामेच्छा बढ़ती है। आम पाचन शक्ति बढ़ाता है। इसमें ऐसे कई एंजाइम्स होते हैं जो शरीर में प्रोटीन तोड़ने का भी कार्य करते हैं। आम विटामिन 'सी' और 'ए' के अलावा 25 प्रकार के कैरोटेयनॉयड्स होते हैं जो शरीर में प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाते हैं।

पके आम रासायनिक तत्वों से भरपूर होते हैं। इसमें विटामिन प्रोटीन, वसा व खनिज लवण प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। खनिजों में कैल्शियम क्लोरीन तथा नियमिन प्रमुख हैं। आम को पथरी की शिकायत में कारगर माना गया है। यह गुर्दे की पथरी को गला देता है। इसमें लौह तत्व बड़ी मात्रा में पाया जाता है। रेशा प्रधान होने के कारण यह कोष्ठबद्धता या कब्ज में लाभकांरी है। क्षय रोग होने पर आम के रस में शहद मिलाकर सेवन करना चाहिए। पीलिया में भी आम का रस पीने से आशातीत लाभ मिलता है। यह उदर रोग व यकृत को भी सुचारू रखता हे। मधुमेह के रोगी आम के रस के बराबर मात्रा में जामुन का रस या सिरका मिलाकर सेवन कर सकते हैं। पेट में गैस व अपच होने पर एक प्याला आम के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर सेवन करने से आराम मिलता है।

गर्मियों में नेत्रों में प्रायः जलन का एहसास होता है तो कच्चे आम की पुल्टिस रात को सोते समय साफ कपड़े में बांधकर आंखों पर रखने से आराम मिलता है। बवासीर के रोगी को प्रातः भूखे पेट एक कटोरी आमरस पीने से आराम होता है। पित्त रोग होने पर कच्चे आम के गूदे में कालीमिर्च व शहद मिलाकर खाना चाहिए। गर्मियों में लू से बचने हेतु कच्चे आम को भूनकर सूखने दें। बाद में पानी में भिगोकर इसका गूदा मसलकर निकाल लें व इसमे एक चम्मच जीरा (भुना) एक चुटकी नमक व काली मिर्च डालकर तैयार घोल को 2-3 दिन पीने से लू का असर नहीं होता है। छोटे बच्चों को प्रायः गर्मी में नकसीर आ जाती है। इसके लिए आम की गुठली का रस नाक में डालने से खून आना बंद हो जाता है।

आम को पचाने के लिए जीवन शक्ति नहीं लगानी पड़ती बल्किं आम स्वयं पच जाता है। आम में सर्वाधिक कैरोटिन होता है जिससे शरीर में विटामिन प्रचुर मात्रा में बनता है। आम को दूध के साथ सेवन करने से पित नाशक, वीर्यवर्धक व आंते मजबूत होती हैं। बुढ़ापे में आम का 200 ग्राम रस, 10 ग्राम अदरक का रस व 250 ग्राम दूध में प्रतिदिन पीने से शारीरिक व मानसिक निर्बलता दूर होती है व स्फर्ति बनी रहती है।

आयुर्वेदानुसार आम की जड़ से लेकर तने तथा पत्तियां हमारे लिए बहुउपयोगी हैं। टाइप 2 डायबिटिज में आम के मुलायम व कच्चे पत्ते संजीवनी का काम करते हैं। आम के पत्तों में कैफीक एसिड जैसे फिनॉलिक, मैगीफेरिन जैसे पॉमिलफिनॉल्स, गैलिक एसिड, फ्लोवानोइड्स व यौगिक घटक पाए जाते हैं। ये सभी गुण आम को एंटी डायबिटिक, एंटी आक्सीडंट व एंटी एलर्जिक में बदल देते हैं। आम के पत्तों में टैनिन, फाइबर,पेक्टिन और विटामिन सी भरपूर होता हे जिससे ब्लड शुगर का स्तर घटता है। साथ ही आपके शरीर में कोलेस्ट्राल के लेवल को नियंत्रित रखता है जिससे धमनियां मजबूत होती हैं।

आम का सेवन करने से लिवर और किडनी की सेहत सही रहती है। दांत व मसूड़ें खराब होने पर आम की पत्तियां रोज खूब चबा-चबा कर थूकें। कुछ दिनों में हिलते दांत, मसूड़े व उनमें से खून निकलने की शिकायत दूर हो जाएगी। हमारे देश में आम का भरपूर उत्पादन होता है। आम की पैदावार करीब एक करोड़ टन है जिनके रूप व खुशबू अलग अलग होती है। यूं तो आम की अनेकों प्रजातियां हैं। फिर भी आमों में रोहिणी, गुंदू, आप्पस, खडेर, तोतापरी, चौवसा, मालदा, दशहरी,कलकतियां, बथूआ, सुकूल, फजुली,किशनभेग, बिजू, लालजार्दालू आम विशेष्कर लोकप्रिय हैं। आम भले ही एक है लेकिन इसमें गुण अनेक हैं।

आम न केवल खाने में बल्कि इसकी लकड़ी का उपयोग हवन,यज्ञ के काम आता है। मुगलकाल में बादशाहों का सर्वाधिक प्रिय फल आम ही था। मिर्जा गालिब तो आम के बेहद शौकीन थे। इस ग्रीष्म ऋतु में भरपूर आम का सेवन करें व अमृत तुल्य फल के गुणों से भी लाभान्वित हों। (स्वा. द.)

# गर्मियों में बालों की समस्या और उनसे छुटकारा

नीतू गुप्ता

गर्मियों में बालों में पसीना आने से उससे संबंधित कई समस्याएं घेर लेती हैं। गर्मी के मौसम में बाल रूखे होकर बेजान हो जाते हैं जो गिरने लगते हैं क्योंकि प्राकृतिक नमी कम हो जाती है। पसीना अधिक आने से सिर में खुजली होने लगती है। परिणाम, सिर की त्वचा पर रेशैज पड़ने लगते हैं जो थोड़ा ज्यादा खुजलाने पर वहां से थोड़ा खून आना शुरू हो जाता है। कुछ बातों को ध्यान में रखकर गर्मियों में बालों की समस्याओं से उन्हें बचाया जा सकता है।

## चिपचिपे बालों के लिए:-

बालों में चिपचिपेपन की वजह से बाल चिपके और बेजान लगने लगते हैं, इससे सिर की त्वचा पर रूसी अधिक होने की आशंका रहती है इसके कारण बाल गिरने शुरू हो जाते हैं। **आइए ध्यान दें:-**



❋ शैंपू माश्चराइजर वाला प्रयोग करें।
❋ हर दो दिन में बाल अवश्य धोएं ताकि बालों में जमा तेल निकल सके और सिर की त्वचा पर कोई इंफेक्शन न हो।
❋ शैंपू के बाद बालों में कंडीश्नर अवश्य लगाएं।
❋ चिपचिपे बाल हमेशा ताजे पानी से धोएं। गुनगुना पानी प्रयोग में न लाएं।
❋ दिन में हेयरब्रश/कंघे का प्रयोग अधिक न करें। इससे तैलीय ग्रथियां सक्रिय हो जाती हैं।
❋ गीले बालों में तौलिया कस कर न बांधें । तौलिए से बालों के पानी को सुखा कर बाल खुले छोड़ दें। सूखने पर ब्रश करें। गीले बालों को तौलिए से कस कर बांधने से बाल चिपचिपे हो जाते हैं।
❋ प्रोटीनयुक्त आहार लें। प्रोटीन की कमी से बाल बेजान हो जाते हैं।
❋ बालों को बार बार छुएं नहीं। इससे हाथों में मौजूद तेल बालों में लगकर बालों को चिपचिपा बनाता है।
❋ बाहर निकलते समय सिर ढक कर जाएं।

## गर स्कैल्प तैलीय हो:-

स्कैल्प में कई ऐसी ग्रंथियां होती हैं जिनसे प्राकृतिक रूप से सीबम निकलता रहता है जो बालों के लिए उचित होता है क्योंकि इससे बाल रूखे और बेजान नहीं होते। अगर सीबम की मात्रा अधिक निकलने लगे तो बाल तैलीय हो जाते हैं। इस समस्या को इस प्रकार दूर करें:-

❋ अगर आप नियमित व्यायाम करती हैं तो बालों को प्रतिदिन शैंपू से धोएं ताकि पसीने से आपके स्कैल्प की सुरक्षा हो। वैसे आप हर दो दिन में बालों को शैंपू से धोएं।
❋ कभी कभी तैलीय स्कैल्प पर ड्राई शैंपू का प्रयोग भी कर सकती हैं जिससे वह ऑयल को सोख लें और बाल चिपचिपे न हों। अगर दिन भर गर्मी में बाहर रहना हो तो ड्राई शैंपू का प्रयोग उस दिन करें।
❋ गर्मियों में बालों पर तेल की मालिश न करें अगर तेल जरूरी हो तो हल्का सा बालों पर लगाएं, त्वचा पर नहीं। नहीं तो स्कैल्प और तैलीय हो जाएगा।

## बालों का प्रदूषण से बचाव:-

आज की युवा पीढ़ी को कैरियर बनाने के लिए कॉलेज प्रतिदिन जाना पड़ता है और बाद में नौकरी के लिए प्रतिदिन घर से निकलना पड़ता है। ऐसे में बालों को शहरी प्रदूषण और धूल मिट्टी से बचाना मुश्किल होता है। जरा सी ला-परवाही से बाल झड़ने लगते हैं। **आइए जानें इस समस्या से बचाव के लिए क्या करें:-**


❋ सबसे जरूरी है बालों की सफाई। साधारण बालों को सप्ताह में दो बार शैंपू से साफ करें ताकि स्कैल्प साफ रहे बाल कम झड़े।
❋ सप्ताह में एक बार बालों की डीप कंडीशनिंग करें ताकि बालों में चमक बनी रहे और उनका रूखापन कम हो।
❋ बालों के स्वास्थ्य के लिए एंटीप्रॉक्सिडेंट सप्लिमेंट्स लें जैसे विटामिंस, मिनरल्स आदि जो बालों की सुरक्षा भी करते हैं और बालों को बढ़ने में मदद भी करते हैं। वैसे संतुलित आहार नियमित लें ताकि बालों को पौष्टिकता मिल सके। जिससे उनका झड़ना कम हो सके।
❋ बालों को प्रदूषण से बचाने के लिए बालों पर कंडीशनर का प्रयोग अवश्य करें।

## कुछ घरेलू मास्क:-

कुछ घरेलू मास्क प्रयोग कर बालों को स्वस्थ रखा जा सकता हे।

❋ एलोवेरा जैल खुश्क बालों के लिए अच्छा हेयर केयर मास्क है। जैल को स्केल्प पर लगाकर मसाज करें और 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धोकर माइल्ड शैंपू करें।
❋ पका केला, शहद और आलिव आयल को मिलाकर स्कैल्प और बालों पर लगाएं। 20 मिनट बाद बाल धो लें। यह एक अच्छा बालों के लिए डीप कंडीशनर है।
❋ बालों में नमी प्रदान करने के लिए 2-3 स्ट्राबेरी को मसल लें। 2 बड़े चम्मच मेयोनीज या कोकोनेट ऑयल में मिलाकर बालों के लिए मास्क तैयार करें। फिर इस मिश्रण को बालों और स्केल्प पर 20 मिनट के लिए लगा कर बालों को धो लें।
❋ खुश्क बालों के लिए बादाम के तेल में दही और एलोवेरा जैल मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। 20 मिनट बाद बाल धो लें। (स्वा.द.)

# गर्मियों में पिएं बेल का शर्बत



घनश्याम प्रसाद साहू

अपने विशेष गुणों के कारण बेल (बिल्व) भगवान शंकर को कितना प्रिय है, यह सभी जानते हैं लेकिन इसका औषधि और पेय के रूप में इस्तेमाल करना बहुत कम लोग ही जानते हैं।

बेल-पत्रा, पेड़ की छाल और बेल का फल, तीनों ही रोगों को दूर करने, पौष्टिक और सौंदर्य बढ़ाने वाली रामबाण औषधि है। इसके संबंध में कहावत है - रोगान बिलति भिनति अर्थात् जो रोगों का नाश करे।

यों तो बेल का कच्चा फल भी बहुत-सी बीमारियों के लिए औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है लेकिन पके फल को तो यों ही खाया जा सकता है। यदि इसका शर्बत या लस्सी बनाकर पी जाए तो तृषा रोग, उदर-विकार, कब्ज, नेत्रों की जलन, शरीर का दर्द, गर्मी एवं पौरूषजन्य दुबर्लता को दूर भगाती है। गर्मियों में तो बेल का शर्बत संजीवनी की तरह है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि बेल का शर्बत पीने के बाद घंटों तक आपको प्यास नहीं सताएगी।

शर्बत बनाने के लिए पचास ग्राम इमली को पानी में भिगो दें। भीग जाने पर उसका गूदा मथकर छान लें। एक पका बेल लेकर उसका गूदा निकालें। उसमें इसे मथकर मिला दें। फिर एक-डेढ़ कप दही और आवश्यकतानुसार चीनी डाल दें। आपकी लस्सी तैयार है।

इसी प्रकार शर्बत बनाने के लिए बेल का गूदा साफ कर लें तथा चार गुणा पानी में मिला दें। दोनों को अच्छी तरह मिलाकर चीनी डाल लें। अधिक लाभ के लिए इसमें चीनी के बदले पिसी हुई मिश्री तथा काली मिर्च पाउडर और इलायची डाल सकते हैं। इसमें बर्फ न मिलायें तो अति उत्तम है। बेल का शर्बत कृत्रिम पेय पदार्थों से लाख गुना फायदेमंद हैं, अस्तु गर्मियों में इसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए। (स्वा. द.)

# हृदय के लिए लाभदायक है लौकी

डा. इन्दीवर मिश्रा

लौकी में विटामिन ए, बी, और सी मिलता है। यह गरिष्ठ, रेचक और बलप्रद होती है। अशक्त और रोगियों के लिए यह लाभदायक है। गर्म प्रकृति वालों के लिए लौकी का सेवन ठंडक और पोषण देने वाला एवं अधिक हितकारी है। नरम, चिकनी, सफेद लौकी का सेवन ही करना चाहिए।

लौकी की अनेक किस्में होती हैं जैसे लम्बी, तुमड़ी, चिपटी, तूमरा इत्यादि। सामान्यतः लौकी मीठी होती है और तुमड़ी कड़वी। लौकी की एक किस्म को तुमड़ी के आकार के फल लगते हैं। उसे 'मीठी तुमड़ी' कहते हैं और इसका साग बनाया जाता है जबकि कड़वी तुमड़ी के फलों का उपयोग नदी में तैरने के लिए होता है। लौकी की दूसरी किस्म 'मगिया लौकी' के रूप में प्रसिद्ध है।



लौकी की तीसरी किस्म लम्बी बोतल जैसी होती है। लौकी लगभग बारह महीने होती है। लौकी के लिए क्षार-रहित जमीन ज्यादा अनुकूल मानी जाती है। इसके बीज सीधे ही बोये जाते हैं। वर्षा ऋतु के आरम्भ में इसके 2-2 बीज 6-6 फुट के अंतर पर बोये जाते हैं।

ग्रीष्मकालीन फसल में 4 फुट के अंतर पर 2-2 फुट चैडी, नालियां बनाकर, 3-3 फुट के अंतर पर इसका बीज बोना चाहिए। इसके पौधे से बेल बनती है। यह बेल लम्बाई में फैलती है और उस पर सफेद फूल लगते हैं। हमारे देश में लौकी की पैदावार अधिक मात्रा में होती है।

सूखी लौकी की तुमड़ी का उपयोग पानी भरने के कूजे के रूप में, संगीत के वाद्य बनाने के लिए तथा इसी प्रकार के विभिन्न कार्यों में इस्तेमाल किया जाता है। इसके बीज का उपयोग औषधि के रूप में होता है। कड़वी लौकी के फल विषैले होते हैं। उसका उपयोग सख्त जुलाब देने के लिए होता है।

लौकी हृदय के लिए हितकारी पित्त व कफ को नष्ट करती है। वीर्यवर्धक, रूचि उत्पन्न करने वाली और धातु पुष्टि को बढ़ाती है। लौकी गर्भ की पोषक है। सगर्भा स्त्री के लिए लौकी पुष्टिदायक है। इसके सेवन से गर्भावस्था की कब्जियत दूर हो जाती है।

अर्श-मस्से में-

लौकी के पत्तों का रस निकालकर अर्श-मस्से पर लगाने से दूर हो जाता है।

क्षय रोग में -

लौकी का रस निकालकर थोड़ा शहद या चीनी के साथ सेवन करने से शरीर का दाह, गले की जलन, रक्त विकार, फोड़ा, शीतपित्त, रक्त में गर्मी बढ़ने पर, गले या नाक से रक्त आने पर, क्षय रोग आदि के रोगों में बहुत ही उपयोगी है।

दिमाग की गर्मी में-

लौकी को काटकर, दो टुकड़े करके सिर पर बांधने से दिमाग में यदि गर्मी चढ़ गई हो तो वह उतर जाती है।

बुखार में-

लौकी को कद्दूकस कर घिसकर सिर और माथे पर बांधने से बुखार की गर्मी का शोषण करती है।

दूसरी विधिः-

यदि बुखार की गर्मी दिमाग में चढ़ जाए, इसके लिए ज्यादा बुखार में लौकी को छील कर सिर और माथे पर बांधने से बुखार कम हो जाता है। (स्वा. द.)

# तरबूज खाएं निरोगी रहें

रामचन्द्र गहलोत

तरबूज ग्रीष्म ऋतु का रसयुक्त फल है। इसकी गणना ग्रीष्म ऋतु में शीतलता प्रदान करने वाले फलों में की जाती है। तरबूज चिकित्सकीय गुणों से भरपूर है। तरबूज शरीर की धमनियों को स्वस्थ रखता है। ताजे तरबूज का रस मस्तिष्क और हृदय को ताजगी प्रदान करता है।



तरबूज आयरन गंधक विटामिन 'ए' राइबोप्लेविलन एवं एस्कार्विन एसिड तथा तांबे का बेहतर स्रोत है। तरबूज के 100 ग्राम गूदे में 15 कैलोरी ऊर्जा होती हैं। इसके गूदे में 96 प्रतिशत जल पाया जाता है। यह तृष्णा को शांत करने के साथ मस्तिष्क को शांत करता है। तरबूज के गूदे में पैक्टिन की भरपूर मात्रा होती है इसलिए इससे जैम एवं जैली आदि तैयार किए जाते हैं।

तरबूज को खाते समय कुछ सावधानियां आवश्यक हैं। तरबूज को कभी भी खाली पेट नहीं खाना चाहिए तथा तरबूज को एक-दो घंटे शीतल जल में रखने के पश्चात ही खाना चाहिए।

तरबूज को भोजन के बाद थोड़ी मात्रा में काला नमक लगाकर सेवन करना चाहिए। तरबूज भीषण गर्मी तथा धूप के प्रभाव से उत्पन्न खुश्की मिटाकर बेचैनी तथा घबराहट दूर करता है। एसिडिटी से पीड़ित को तरबूज का सेवन करना चाहिए।

तरबूज के रस में मिश्री या शक्कर डालकर सेवन करने से सिरदर्द एवं माइग्रेन में राहत मिलती हैं। गर्मी के मौसम में दस्त लग जाएं तो तरबूज का रस पीने से तुरंत लाभ मिलता है। ल्यूकोरिया (सुजाक) से ग्रस्त महिलाओं को तरबूज का भरपूर सेवन करना चाहिए। महिलाओं के गुप्त रोगों में यह विशेष लाभदायक है।

ग्रीष्म ऋतु में तरबूज का सेवन बेहद फायदेमंद है। इससे मोटापा कम होता है तथा शरीर में स्फूर्ति आती है। तरबूज का सेवन शरीर की कोशिकाओं को निरोगता प्रदान करता है। गुर्दे की पथरी से निजात पाने के लिए नियमित रूप से 2-3 गिलास तरबूज का रस पीने से कुछ ही दिनों में पथरी बाहर आ जाती है।

तरबूज के रस को काली मिर्च तथा जीरे के साथ पीने से गर्मी से निजात मिलती है तथा मूत्रा रोग में भी लाभ मिलता है। तरबूज का रस गाजर के रस के साथ पीने से चर्म रोग ठीक होते हैं और दाद, खाज़ खुजली में आराम मिलता है।

अदरक तथा नारंगी का रस मिलाकर तरबूज के साथ पीने से भूख पर लावण्य आता है तथा शरीर में खून की वृद्धि होती है।

# गर्मियों में ऐसे रहें चुस्त दुरूस्त

सोनी मल्होत्रा

गर्मी का मौसम अपने साथ बहुत से रोगों को लेकर आता है। इस मौसम में चुस्त-दुरूस्त रहना कोई आसान बात नहीं है। इस मौसम के गर्म वातावरण में व्यायाम करना भी किसी को अच्छा नहीं लगता। एक तरह से कहा जाए तो इस मौसम में स्वस्थ रहना थोड़ा मुश्किल तो है पर नामुमकिन नहीं। आइए जानें कि इस मौसम में स्वस्थ कैसे रहें-



इस मौसम में अधिक वसा वाले खाद्यों की जगह कम वसा वाले खाद्य पदार्थ खाएं। गर्मी में वसा वाले खाद्यों की मात्रा को कम करने का सबसे उपयुक्त उपाय है प्रचुर मात्रा में फल व सब्जियां खाना। इसके अतिरिक्त स्किम्ड मिल्क, दही, लस्सी, नींबू पानी आदि का अधिक सेवन करें। अधिक प्रोटीनयुक्त नाश्ता लें।

इस मौसम में जल का क्षय पसीने के रूप में अधिक होता है, इसलिए पानी की अधिक से अधिक मात्रा ग्रहण करें। प्रतिदिन 10-20 गिलास पानी अवश्य पिएं। इसके साथ-साथ तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी आदि फलों व जिन सब्जियों में भी पानी की मात्रा अधिक होती है, इनका सेवन करें ताकि शरीर को जल की आपूर्ति हो सके।

गर्मी के मौसम में प्यास अधिक लगती है और भूख कम। इसलिए इस मौसम में आप जो कुछ भी खा रहे हैं वह पौष्टिक होना चाहिए ताकि आपको सभी पोषक तत्वों की प्राप्ति हो सकें। जंक फूड आदि का सेवन कम करें। इसके बजाय सलाद, सैंडविच, घर का बना खाना अधिक खाएं जो पौष्टिक हो।

प्रायः लोग सर्दियों में सूप अधिक पीते हैं गर्मियों में नहीं क्योंकि गर्मियों में ठंडे पदार्थ अधिक अच्छे लगते हैं पर गर्मियों में भी सूप अवश्य पिएं क्योंकि सूप में कैलोरी की मात्रा कम पर पौष्टिकता अधिक होती है। गर्मियों में भूख कम हो जाती है इसलिए सूप इसकी क्षतिपूर्ति कर देता है। यही नहीं, सूप भूख बढ़ाने वाले होते हैं इसलिए टमाटर व सब्जियों का सूप पिएं।

गर्मियों में चाय, कैफीन, युक्त पेय व अल्कोहल का सेवन कम करें।

गर्मियों में सदैव ढीले वस्त्र पहनें, साथ ही सूती वस्त्र ही पहनें। अधिक कसे हुए व नायलोन या सिंथेटिक वस्त्र पसीना वाष्पीकृत नहीं होने देते और गर्मियों में पसीना वाष्पीकृत होने से ठंडक मिलती है।

गर्मियों में व्यायाम करने का मूड तो नहीं होता पर तंदुरूस्त रहने के लिए व्यायाम बेहद जरूरी है क्योंकि व्यायाम कैलोरी खर्च करने में तो सहायक है ही, साथ ही शरीर की मजबूती के लिए भी आवश्यक है।

गर्मियों में व्यायाम करने का सबसे सही समय सुबह है। वैसे यह आवश्यक नहीं कि एक निश्चित समय पर ही टहला या दौड़ा जाए। जब भी मौसम अच्छा एवं खुशगवार लगे, टहलें या दौड़ें।

गर्मियों में सबसे अच्छा मनोरंजक व्यायाम है तैरना जो गर्मियों में ठंडक पहुंचाता है। अगर व्यायाम करते समय आपको बेहद थकान, चक्कर आना आदि लक्षण लगें तो व्यायाम तुरंत रोक दें। (स्वा. द.)

# औषधीय गुणों से समृद्ध - चुकन्दर

पूर्णिमा मित्रा

ज्यादातर गृहणियां चुकन्दर का उपयोग आमतौर पर यदाकदा सलाद के रूप में ही करती हैं। इसमें व्याप्त अरूचिकर गंध की वजह से इसके गुणों से अनभिज्ञ लोग इसे छूना तक पसंद नहीं करते जबकि आहार विशेषज्ञों के अनुसार 100 ग्राम चुकन्दर में प्रोटीन, कार्बोहाइडेऱ्ट, कैल्शियम, फास्फोरस, लोहा, विटामिन बी काम्पलेक्स व विटामिन डी पाया जाता है। आहार विशेषज्ञ इसके कोमल हरे पत्तों के सेवन की भी सलाह देते हैं क्योंकि इन पत्तों में पाचनशक्ति बढ़ाने वाले तत्व विद्यमान होते हैं।

आयुर्वेद में इसे मधुर, विरेचक, पुष्टिवर्धक, रक्तवर्धक, मानसिक रोगनाशक और स्त्री रोगशामक माना गया है इसीलिये गृहणियों को अपने रोजमर्रा के भोजन में इसे सब्जी, अचार, सलाद, जूस, सूप, स्ट्रयू, मुरब्बे, कटलेट, परांठे के रूप में अवश्य प्रयोग करना चाहिये। इसकी दुर्गन्ध दूर करने हेतु बड़ी इलायची, दालच-ीनी, काला नमक या पुदीना प्रयोग में लाया जा सकता है। चुकन्दर निम्न रोगों के शमन हेतु भी लाभप्रद हैः-

◆ दिमागी कमजोरी व भुलक्कड़पन दूर करने हेतु दिन में दो बार आधा-आधा गिलास चुकन्दर का रस पियें ।
◆ अनीमिया रोग से ग्रसित व्यक्ति को प्रतिदिन दो या तीन प्याले चुकन्दर का रस पिलाना चाहिये।
◆ कम मासिक स्राव की समस्या को दूर करने हेतु प्रतिदिन सुबह उठते ही एक कप चुकन्दर का रस पीना चाहिये।
◆ पेशाब में जलन या गुरदे की तकलीफ दूर करने हेतु एक पाव चुकन्दर का सलाद या रस पियें।
◆ नाखून में सफेद धब्बे बनना या नाखून फटने जैसी समस्या दूर करने हेतु प्रतिदिन एक कप चुकन्दर के कतले का रस पियें।
◆ उच्च रक्तचाप के रोगियों को चुकन्दर के रस में पपीते, गाजर व संतरे का रस मिलाकर पीना चाहिये।
◆गर्भवती व धात्री महिलाओं को प्रतिदिन दो वक्त आधा कप चुकन्दर का रस, आधा कप टमाटर का रस, आधा कप गाजर का रस मिलाकर देना चाहिये। (स्वा. द.)



# एक्ने-जरूरी है त्वचा की देखभाल

नीतू गुप्ता

एक्ने पस भरे दानों को कहा जाता है जो साध-ारणतः तैलीय त्वचा पर अधिक होते हैं। इसका कोई विशेष कारण नहीं होता कि ये क्यों होते हैं। आमतौर पर त्वचा की गंदगी, पेट की लंबी बीमारी और हारमोन्स का सही संतुलन न होने पर ये होते हैं।



शरीर में तैलीय ग्रंथियां जब अधिक एक्टिव होती हैं तब तेल बाहर निकलता है जो ग्लैंड में जमा होकर इनको मोटे-मोटे दानों के रूप में निकालता है। इन दानों के चारों ओर जलन महसूस होती है। साधारणतः एकने 14 से 22 वर्ष की आयु में अधिक निकलते हैं क्योंकि इस उम्र में हारमोन्स बदलते हैं। एक्ने किसी को भी निकल सकते हैं लड़के हों या लड़कियां।

एक्ने से अपनी त्वचा को कैसे बचा कर रखें, आइए कुछ विशेष बातों पर ध्यान दें-

दिन में कम से कम 4-5 बार साध-ारण पानी से या किसी मैडिकेटिड सोप से चेहरे को साफ करें।

पस भरे दानों को खुजलायें नहीं, न ही इन्हें फोड़ें।

कब्ज होने की स्थिति में इसका इलाज अवश्य करें।

खाने में अधिक चिकने खाद्य पदार्थ न खायें।

मेकअप न करें क्योंकि इससे एलर्जी होने पर त्वचा को अधिक नुकसान हो सकता है।

दिन में पानी का सेवन अधिक करें ताकि शरीर के विष घुल-घुल कर मूत्र के जरिए बाहर निकलते रहें।

फेशियल कराने के लिए केवल एक्ने पैक का ही प्रयोग करें। प्रयोग करने से पहले कान के पीछे मास्क लगा कर टेस्ट कर लें, फिर चेहरे पर फैस पैक लगाएं। (स्वा. द.)

## पूर्वोत्तर अवसंरचना शिखर सम्मेलन में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री का संबोधन

# भारत की विकास गाथा के सबसे रोमांचक अध्यायों में से एक है पूर्वोत्तर: नायडू

**शिलांग :** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश के विकास का सबसे गतिशील और तेजी से आगे बढ़ने वाला क्षेत्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि कभी दिल्ली से दूरी के आधार पर पहचाने जाने वाले इस क्षेत्र की पहचान आज बेहतर संपर्क, निवेश और अवसरों से हो रही है।मेघालय की राजधानी शिलांग में आयोजित पूर्वोत्तर भारत अवसंरचना शिखर सम्मेलन के दौरान प्रदर्शित अपने वीडियो संदेश में नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट और एक्ट फर्स्ट' नीति ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा कि मेघालय को लंबे समय तक 'बादलों का घर' कहा जाता था, लेकिन अब यह 'अवसरों का घर' बनता जा रहा है और यह परिवर्तन पूरे पूर्वोत्तर की नई पहचान को दर्शाता है।नायडू ने कहा कि आजादी के बाद कई दशकों तक पूर्वोत्तर को देश के अंतिम छोर के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब यह भारत की विकास यात्रा का सबसे रोमांचक अध्याय बन चुका है। उन्होंने कहा कि



विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में पूर्वोत्तर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में पूर्वोत्तर में केवल नौ हवाई अड्डे संचालित थे, जबकि आज उनकी संख्या बढ़कर 17 हो गई है। अब क्षेत्र के सभी आठ राज्यों में कम से कम एक कार्यरत हवाई अड्डा मौजूद है।उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के तहत पूर्वोत्तर में लगभग 90 क्षेत्रीय हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं, जिससे दूर-दराज के इलाकों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने में मदद मिली है। हाल ही में स्वीकृत संशोधित उड़ान योजना के तहत देशभर में 200 हेलीपोर्ट विकसित किए जाएंगे तथा पूर्वोत्तर के प्रत्येक जिले में कम से कम एक हेलीपोर्ट स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।नायडू ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में विमानन अवसंरचना के विकास पर लगभग 2,400 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके अलावा 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनमें सिलचर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, जोरहाट में नया नागरिक विमानन परिसर और एयरबस ए-320 विमानों के संचालन के लिए शिलांग हवाई अड्डे का उन्नयन शामिल है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों को विशेष सुविधा देते हुए नए हवाई अड्डों के लिए व्यवहार्यता अध्ययन की प्रक्रिया को आसान बनाया है। अब भारत सरकार अपने खर्च पर हर वर्ष अधिकतम चार व्यवहार्यता अध्ययन कराएगी।नायडू ने कहा कि अगले दो दशकों में देश को 350 से 400 हवाई अड्डों की आवश्यकता होगी और इस विकास यात्रा में पूर्वोत्तर को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई पर्यटक शिलांग पहुंचता है, कोई निवेशक आइजोल जाता है या कोई कारोबारी अगरतला आता है, तो उसका लाभ केवल हवाई अड्डों तक सीमित नहीं रहता बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और व्यापार को भी गति मिलती है।मंत्री ने पूर्वोत्तर की पर्यटन क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि मेघालय के झरने, अरुणाचल की घाटियां, असम के चाय बागान, कामाख्या मंदिर, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव, मणिपुर की लोकटक झील और जीवित जड़ों से बने पुल विश्वस्तरीय आकर्षण हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संभावनाओं की कोई कमी नहीं है और सही नेतृत्व व दृष्टिकोण के साथ इन्हें समृद्धि में बदला जा सकता है।

## राउत ने सांसदों को 50 करोड़ रुपये का प्रलोभन दिए जाने का आरोप लगाया, बागियों को चुनौती दी

**मुंबई :** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) में फूट पड़ने की अटकलें तेज होने के बीच पार्टी नेता संजय राउत ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के कुछ सांसदों को पाला बदलने के लिए ''50 करोड़ रुपये'' की पेशकश की जा रही है और उन्होंने बागी सांसदों को पार्टी छोड़ने से पहले इस्तीफा देने की चुनौती भी दी। राउत ने नयी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत का जिक्र करते हुए कहा कि फिर उसी तरह फूट डाली गई तो महाराष्ट्र की जनता और शिवसेना (उबाठा) के सांसद चुप नहीं बैठेंगे। इस संवाददाता सम्मेलन में शिवसेना



(उबाठा) के नौ लोकसभा सदस्यों में से केवल तीन- अरविंद सावंत, अनिल देसाई और राजाभाऊ वाजे शामिल हुए। राउत ने कहा कि एक ''महत्वपूर्ण व्यक्ति'' ने मंगलवार देर रात उन्हें बताया कि महाराष्ट्र के सांसदों को ''खरीदने'' की कोशिश की जा रही है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''मुझे बताया गया कि कीमत 50 करोड़ रुपये है और रात तक प्रत्येक सांसद को 15-15 करोड़ रुपये पहुंचाए जाने थे। वे धन मिले बिना विमान में सवार होने को कथित रूप से तैयार नहीं थे।'' उन्होंने हालांकि कहा कि पार्टी के पास किसी तरह की फूट की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है और कुछ सांसदों के अलग होने की खबरें मीडिया के जरिये मिल रही हैं। राउत ने कहा, ''अगर दलों को इस तरह तोड़ा जाता है तो चुनाव लड़ने का कोई अर्थ नहीं रह जाता।'' राउत ने कहा कि संबंधित सभी सांसद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना (उबाठा) के 'मशाल' चुनाव चिह्न पर निर्वाचित हुए हैं और ''किसी को भी उस जनादेश से विश्वासघात करने का अधिकार नहीं है।''

## भारत ने हमेशा आक्रमणकारियों का प्रतिरोध किया : भागवत

**उदयपुर (राजस्थान) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि भारत का इतिहास गुलामी का नहीं बल्कि आक्रमणकारियों के खिलाफ निरंतर प्रतिरोध का है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश और विदेश में भारत के उत्थान को रोकने के लिए झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भागवत हल्दीघाटी युद्ध की 450वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, आज भारत को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिशें हो रही हैं। झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं और लोगों को गुमराह करने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''भारत के उत्थान का विरोध करने वाले लोग जनसंख्या, शक्ति, आर्थिक संसाधन और संगठनात्मक क्षमता रखते हैं, फिर भी हमें अपने मूल्यों के आधार पर दृढ़ रहना होगा।'' भागवत ने राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक संकल्प का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें अपने आदर्शों और सभ्यतागत मूल्यों पर टिके रहना होगा।'' भागवत ने



राजपूत शासक महाराणा प्रताप की विरासत और ऐतिहासिक हल्दीघाटी युद्ध का उल्लेख करते हुए इसे भारत के सभ्यतागत प्रतिरोध का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन धर्म, संस्कृति और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि महाराणा प्रताप ने व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि धर्म, संस्कृति और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा, हमारा इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि उन लोगों के खिलाफ संघर्ष का है जिन्होंने हमें गुलाम बनाने की कोशिश की। भागवत ने कहा, महाराणा प्रताप ने अत्याचारों के खिलाफ, धर्म और संस्कृति के लिए तथा अपनी भूमि की स्वतंत्रता के लिए युद्ध किया।

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री 20 जून को ओडिशा के 'गोसानी' में करेंगे पूजा-अर्चना

**भुवनेश्वर/बारीपदा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा के मयूरभंज जिले में संथाली समुदाय के एक पवित्र स्थल 'गोसानी' में पूजा-अर्चना करेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के 68वें जन्मदिन पर उनके ससुराल के गांव पहाड़पुर का दौरा करेंगे और पारंपरिक संथाली अनुष्ठानों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के उस दिन दोपहर के आसपास पहाड़पुर स्थित हेलीपैड पर पहुंचने की संभावना है। वहां से वह गोसानी जाएंगे, जहां वह राष्ट्रपति मुर्मू के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू प्रधानमंत्री की यात्रा से एक दिन पहले यानी 19 जून को पास के रायरंगपुर पहुंचेंगी। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और संथाली भाषा की शोधकर्ता दमयंती बेशरा के अनुसार, गोसानी गांव की एक पूजनीय देवी का प्रतीक है और इसे पूर्वजों की आत्माओं तथा समुदाय के नेताओं के आध्यात्मिक संरक्षकों का निवास स्थान माना जाता है।

## भारतीय सेना की टुकड़ी मंगोलिया में बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में भाग लेगी

**नयी दिल्ली :** भारतीय सेना की एक टुकड़ी 20 जून से तीन जुलाई तक मंगोलिया में होने वाले बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट' में भाग लेगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दो हफ्ते तक चलने वाले इस अभ्यास में दुनिया के कई देशों की सेनाएं एक साथ आती हैं, ताकि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत शांति अभियानों में आपसी तालमेल और सहयोग को बेहतर बनाया जा सके। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय सेना की एक टुकड़ी 20 जून से तीन जुलाई 2026 तक मंगोलिया के उलानबटार में फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में आयोजित होने वाले बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट' के 23वें संस्करण में भाग लेगी। सेना ने कहा कि 'खान क्वेस्ट' अभ्यास वैश्विक शांति बनाए रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और इसमें शामिल देशों के बीच अभियानगत तैयारी, पेशेवर आदान-प्रदान, आपसी विश्वास एवं भाईचारे को मजबूत करता है। 'खान क्वेस्ट' 2003 में अमेरिका और मंगोलिया की सेनाओं के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास के तौर पर शुरू हुआ था। 2006 से यह एक बहु-राष्ट्रीय अभ्यास बन गया।

## हमारे बच्चों को दबाती व कुचलती है देश की शिक्षा प्रणाली: राहुल गांधी

**जयपुर :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को देश की शिक्षा प्रणाली की प्रासंगिकता पर सवाल उठाते हुए बुधवार को कहा कि यह हमारे बच्चों को दबाती और कुचलती है जो देश के लिए सही नहीं है। गांधी ने 'कोचिंग हब' के रूप में विख्यात कोटा शहर में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' में यह बात कही। उन्होंने कहा,''हिंदुस्तान की शिक्षा प्रणाली अपने बच्चों को दबाव देती है, तनाव देती है, उन्हें दबाता है और कुचलता है। और यह देश के लिए सही नहीं है।'' इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि उनकी छात्रों युवाओं के साथ इस संवाद का मकसद राजनीतिक नहीं है।

## शाह ने साइबरक्राइम हेल्पलाइन पर एआई के इस्तेमाल, कई भाषाओं में मदद की सुविधा का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नेशनल साइबरक्राइम हेल्पलाइन-1930 के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल और कई भाषाओं में मदद की सुविधा तथा हर शिकायत का सही समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शाह ने एक समीक्षा बैठक में हेल्पलाइन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हेल्पलाइन पर रिपोर्ट करना आसान बनाने और एआई के इस्तेमाल तथा कई भाषाओं में सहायता की सुविधा मुहैया कराने को





कहा। गृह मंत्री ने एजेंसियों को राज्यों के साथ समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया, ताकि हेल्पलाइन पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने बैंक खातों पर रोक लगाए जाने से उत्पन्न होने वाली शिकायतों और समस्याओं के समाधान पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।

## थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की तस्वीर साझा की। उसने कहा, ''जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने अपनी पत्नी सुनीता द्विवेदी के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।'' लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को 13 जून को अगले थल सेनाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया था। वह 30 जून को जनरल द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने पर पदभार संभालेंगे।

## बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य को 'सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव पर्यटन स्थल' का पुरस्कार मिला





**भोपाल :** मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य (बीटीआर) को 'इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवॉर्ड्स 2026' के तहत 'सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव पर्यटन स्थल' का पुरस्कार प्रदान किया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, बीटीआर को वन्यजीव संरक्षण,उत्कृष्ट पर्यटन प्रबंधन, पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता का अनुभव उपलब्ध कराने तथा जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए 'एडिटर्स चॉइस अवॉर्ड - बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन' श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 15 जून को गोवा में आयोजित समारोह में बीटीआर के क्षेत्र निदेशक अनुपम सहाय और वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक एल. कृष्णमूर्ति ने प्राप्त किया। समारोह में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य अपनी समृद्ध जैव विविधता, बाघों की अच्छी संख्या, प्राकृतिक सौंदर्य और प्रभावी संरक्षण प्रबंधन के लिए पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है।

## दिल्ली के डॉक्टरों ने 10 घंटे चली जटिल सर्जरी में 14.5 किलोग्राम का दुर्लभ घातक ट्यूमर निकाला

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के एक अस्पताल में डॉक्टरों ने 10 घंटे चली कठिन सर्जरी के दौरान 55 वर्षीय महिला के पेट से 14.5 किलोग्राम वजनी दुर्लभ कैंसरकारी ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया। अस्पताल ने इसे भारत में पेट के ट्यूमर को हटाने की अब तक की सबसे लंबी सर्जरी में से एक बताया है। यह ऑपरेशन ओखला स्थित एक निजी अस्पताल में पेशे से नर्स का किया गया। उनके पेट के अंदर ट्यूमर तेजी से बढ़ रहा था, जिसके कारण वह करीब चार महीने से गंभीर रूप से सांस फूलने और चलने-फिरने में कठिनाई की समस्या से जूझ रही थीं। डॉक्टरों ने बताया कि ट्यूमर ने मरीज की बाईं किडनी को पूरी तरह से घेर लिया था, इसलिए ऑपरेशन के दौरान उसे निकालना जरूरी हो गया।

## हिल स्टेशन भीड: शिमला में 45 दिनों में 15 लाख वाहन पहुंचे

### पुलिस ने अपनाई पांच सूत्रीय यातायात योजना



**शिमला :** शिमला में एक मई से 15 जून के बीच लगभग 15 लाख वाहनों के पहुंचने के मद्देनजर पुलिस ने गर्मियों में पर्यटकों की भीड़ से निपटने के लिए पांच-सूत्रीय रणनीति अपनाई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यातायात के उपायों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती, कड़ी निगरानी, वैकल्पिक रास्तों की मैपिंग और सार्वजनिक वाहनों को बढ़ावा देना शामिल है । गर्मी की छुट्टियों के लिए स्कूल बंद होने के साथ ही बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल प्रदेश की अलग-अलग जगहों की ओर रुख कर रहे हैं। पर्यटकों की इस भारी भीड़ के कारण राजमार्गों और लिंक रोड पर अक्सर यातायात जाम हो रहा है। होटल मालिकों के अनुसार, पिछले हफ़्ते हिमाचल प्रदेश में होटलों-रेस्तरां आदि में सप्ताह के दिनों में पर्यटकों की मौजूदगी 60-70 प्रतिशत रही जबकि सप्ताहांत पर यह बढ़कर 80-90 प्रतिशत हो गई। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पिछले 45 दिनों में 15 लाख से ज़्यादा गाड़ियां शिमला में आईं और पुलिस ने इस भीड़ से निपटने के लिए पांच-सूत्रीय रणनीति बनाई है।'' उन्होंने कहा कि अगर अंदरूनी रुकावटों को दूर कर लिया जाए, तो पर्यटकों की भारी भीड़ को संभालना कोई समस्या नहीं है। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि यातायात प्रबंधन की रणनीति में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों, इंटरसेप्टर वाहनों और मोटरसाइकिल पर सवार जवानों की तैनाती, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निगरानी, वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल और सार्वजनिक वाहनों के इस्तेमाल को प्रोत्साहन एवं जागरूकता का प्रसार शामिल है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाले कार्ट रोड पर भारी वाहनों जैसे बस या ट्रक का खराब होना एक बड़ी समस्या है क्योंकि इनके कारण अक्सर लंबा जाम लग जाता है।

## वेतन से आगे: विकसित भारत के लिए कुशल कार्यबल की तैयारी



**डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम**

कोयंबटूर में काम करने वाले युवा रवि को, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई में अपनी पहली औपचारिक नौकरी के छह महीने पूरे कर चुके हैं और हाल ही में अपनी मासिक तनख्वाह के अलावा उन्हें बैंक खाते में 7,500 रुपये मिले। लगातार छह महीने की नौकरी पूरी होने के बाद यह रकम अपने आप जारी कर दी गई। इससे पहले उनका परिवार सिर्फ़ अनौपचारिक काम करता था, जिसमें कोई अनुबंध, भविष्य निधि में योगदान या नौकरी का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं होता था। यह पहला मौका था, जब उनकी नौकरी को आधिकारिक तौर पर दर्ज किया गया और उन्हें इस तरह का लाभ मिला।

रवि को मिली यह धनराशि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के 'भाग -' के तहत मिली पहली किस्त है। इस योजना को केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री के रोज़गार और कौशल पैकेज के हिस्से के तौर पर शुरू किया गया था। इस प्रावधान के तहत, ईपीएफओ में पंजीकृत कंपनियों में पहली बार नौकरी पाने वाले ऐसे कर्मचारी, जिनकी मासिक कमाई 1 लाख रुपये से कम है, उन्हें 15,000 रुपये तक का नकद प्रोत्साहन मिलता है। यह रकम दो किस्तों में दी जाती है: पहली किस्त लगातार छह महीने की नौकरी के बाद और दूसरी किस्त बारह महीने के बाद। इसके लिए शर्त यह है कि कर्मचारी को ईपीएफओ पोर्टल के ज़रिए वित्तीय साक्षरता का कोर्स पूरा करना होगा और यह राशि बचत के एक साधन में जमा की जाएगी, ताकि कर्मचारी को एक आर्थिक सुरक्षा मिल सके। रवि के लिए, ये छह महीने सिर्फ़ योग्यता हासिल करने का समय नहीं थे। ये वो वक्त था, जिसमें उन्होंने अपने काम की जगह को समझा, अपने काम से जुड़ी बुनियादी कौशल और योग्यता सीखी और अपने लिए रोज़गार का एक रिकॉर्ड बनाना शुरू किया, जो पहले कभी नहीं था।

यह समय उनके नियोक्ता के लिए भी अहम था, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई थी और उसने अपने विस्तार के तहत रवि को काम पर रखा था। पीएम-वीबीआरवाई के भाग इ में प्रावधान है कि जो नियोक्ता अपनी मौजूदा बेसलाइन से ज़्यादा रोज़गार पैदा करते हैं, उन्हें हर अतिरिक्त कर्मचारी के लिए हर महीने 3,000 रुपये तक का सरकारी योगदान मिलता है। यह योगदान अलग-अलग क्षेत्रों में दो साल तक और विनिर्माण क्षेत्र में चार साल तक मिलता है। यह योगदान उस शुरुआती लागत का कुछ हिस्सा कवर करता है, जो किसी कंपनी को नए कर्मचारी को रखने पर उठानी पड़ती है, खासकर तब जब ऑनबोर्डिंग और प्रशिक्षण चल रहा होता है और बिना किसी पिछले औपचारिक अनुभव वाला कर्मचारी, धीरे-धीरे कंपनी के लिए लाभप्रद हो रहा होता है। इस शुरुआती लागत को कम करके यह प्रावधान, योजना का दायरा रवि जैसे लोगों को काम पर रखने वाले छोटे व्यवसायों तक बढ़ाता है। उसकी जैसी विनिर्माण इकाईयों के लिए, चार साल की अवधि, जो सामान्य अवधि से दोगुनी है, कंपनियों को ऑटोमेशन में निवेश के साथ-साथ अपने कार्यबल का विस्तार करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

भारत की जनसांख्यिकीय व्यवस्था को देखते हुए, युवा और बढ़ता कार्यबल 2047 तक 'विकसित भारत' की ओर बढ़ने के लिए रोज़गार-आधारित विकास के ज़रिए आर्थिक विकास को रफ्तार देने का एक मौका देता है। कार्यबल में शामिल होने वाले नए लोग किस सीमा तक औपचारिक रोज़गार में आते हैं, जहाँ उन्हें सामाजिक सुरक्षा और संस्थागत सुरक्षा मिलती है, यह इस बात पर भी असर डालेगा कि परिवारों और समुदायों में विकास का लाभ कैसे मिलता है। पीएम-वीबीआरवाई का मकसद 'स्वतंत्र भारत' से 'समृद्ध भारत' तक के सफ़र को मज़बूत करना है और दो साल में 3.5 करोड़ से ज़्यादा औपचारिक नौकरियाँ पैदा करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस योजना की शुरूआत से, 60 लाख नए कर्मचारी औपचारिक कार्यबल का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें से 43.26 लाख (लगभग 71%) 18 से 30 साल की उम्र के हैं और 18.04 लाख (लगभग 30%) महिलाएं हैं, जो पहली बार औपचारिक रोज़गार से जुड़ी हैं। ये कर्मचारी विशेष सेवाओं, इंजीनियरिंग, व्यापार, विनिर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, वस्त्र और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं, जो दिखाता है कि कई तरह के औपचारिक संस्थानों में इसे अपनाया गया है। सिर्फ़ प्रोत्साहन राशि के अलावा, पीएम-वीबीआरवाई से रवि को एक ईपीएफओ खाता और एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर मिला है। इससे वह एक ऐसी व्यवस्था का हिस्सा बन गए हैं, जो भविष्य निधि योगदान, बीमा सुरक्षा और कानूनी रोज़गार लाभ भी देता है। उनके जैसे पहली बार औपचारिक रोज़गार पाने वाले कई लोगों के लिए, यह सामाजिक सुरक्षा कवरेज और एक व्यवस्थित रोज़गार से जुड़ने का एक बेहतर मौका है। लगातार छह महीने तक नौकरी करने की शर्त का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इस योजना के तहत बनी नौकरियां असल करियर की नींव बनें। लंबे समय तक औपचारिक रोज़गार से कई क्षेत्रों में नौकरियों में काम आने वाला कौशल विकसित होता हैं, पेशेवर तौर-तरीके सीखने को मिलते हैं और भविष्य में नौकरी पाने की क्षमता भी मज़बूत होती है। इससे मिलने वाले फ़ायदे योजना के तहत मिलने वाली मदद की अवधि के बाद भी बने रहते हैं। रोज़गार के मौके पैदा करना एक अहम नीतिगत लक्ष्य है। उतना ही ज़रूरी यह सुनिश्चित करना भी है कि रवि जैसे कर्मचारी औपचारिक अर्थव्यवस्था में अपनी जगह बनाए रख सकें, जहाँ रोज़गार के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा कवरेज और संस्थागत सुरक्षा भी मिलती है। जैसे-जैसे ज़्यादा युवा कर्मचारी औपचारिक नौकरियों में छह महीने, एक साल और उससे ज़्यादा समय बिताते हैं, कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आता है और छोटे संस्थान भी औपचारिक तरीके से लोगों को काम पर रखने की प्रक्रिया अपनाते हैं। इस योजना के तहत 3.5 करोड़ से ज़्यादा नौकरियां मिलने का अनुमान है और औपचारिक अर्थव्यवस्था का यह धीरे-धीरे बढ़ता दायरा ही वह बदलाव है, जिसे तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए पीएम-वीबीआरवाई को लाया गया है।

(लेखक नीति आयोग के सदस्य हैं)

## जुलाई तक राजनीतिक दल बनेगा आंदोलन, 50 लाख सदस्य जोड़ने का लक्ष्य: अन्नामलाई

**चेन्नई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने बुधवार को कहा कि हाल में शुरू किया गया उनका 'वी द लीडर्स' आंदोलन जुलाई तक एक राजनीतिक दल का रूप लेने की दिशा में ''सही रास्ते'' पर है और इसका लक्ष्य 50 लाख सदस्य बनाना है। अन्नामलाई ने एक सोशल मीडिया मंच पर वीडियो संवाद के दौरान कहा कि फिलहाल 18 लाख लोग ''बिना किसी अपेक्षा के'' संगठन से जुड़ चुके हैं और सदस्यता अभियान केवल ऑनलाइन ही नहीं, बल्कि लोगों से सीधे मुलाकात कर भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदस्य इस विश्वास के साथ शामिल हुए हैं कि यह आंदोलन एक बड़ा बदलाव लाएगा। अन्नामलाई ने कहा, ''जब हम इस आंदोलन को एक राजनीतिक संगठन के रूप में आगे बढ़ाना शुरू करेंगे तो जुलाई से



इसकी गतिविधियों का स्वरूप बदल जाएगा और लोग इस बदलाव को स्पष्ट रूप से देख सकेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि उनका आंदोलन ''न तो कभी विफल होगा, न झूठ बोलेगा और न ही लोगों को गलत रास्ते पर ले जाएगा''। अन्नामलाई ने कहा, ''हमारे लिए सभी धर्म समान हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''आने वाले महीनों के लिए हमारा उद्देश्य है कि यह सदस्यता अभियान लगातार जारी रहे और आगे बढ़ते हुए हमारा लक्ष्य अपने संगठन को एक जन आंदोलन में बदलना है ताकि राज्य के विभिन्न मुद्दों पर बात की जा सके।''

## मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 में समावेशी सिनेमा पर चर्चा

### सिनेमा बने हर बच्चे की आवाज़ : श्वेता पारख और जितेंद्र मिश्रा

**मुंबई :** 19वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) 2026 के दौरान आयोजित एक प्रेस वार्ता में फिल्मकारों, शिक्षाविदों और निर्माताओं ने सिनेमा को बच्चों की आवाज़ और सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम बताया। प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की ओर से आयोजित इस संवाद में वृत्तचित्र 'नायब-थ्रू द टीचर्स लेंस' और लघु फिल्म 'सोना और सोनम के सपने' (लिटिल बिग ड्रीम्स) के रचनाकारों ने समावेशी सिनेमा की आवश्यकता पर जोर दिया।फिल्म निर्देशक श्वेता पारख ने कहा कि बच्चों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि वे पर्दे पर अपनी वास्तविकताओं और संस्कृति को देखें। स्थानीय कहानियां बच्चों





को अपनी पहचान, परंपराओं और समुदाय से जोड़ती हैं तथा आत्म-अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करती हैं।शिक्षाविद और परियोजना मार्गदर्शक स्वाति पोपट वत्स ने कहा कि समाज को रूढ़ियों से ऊपर उठकर सभी बच्चों की समान आकांक्षाओं और क्षमताओं को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'सोना और सोनम के सपने' की नायिका केवल शिक्षा या आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि जीवन में नई संभावनाओं की तलाश कर रही है, जो फिल्म के मानवीय संदेश को दर्शाता है।प्रसिद्ध फिल्म निर्माता पथिक वत्स ने सिनेमा को एक प्रभावी शैक्षिक माध्यम बताते हुए कहा कि फिल्में केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं। वे सहानुभूति जगाने, दृष्टिकोण व्यापक करने और सामाजिक सोच को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्माता जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि 'सोना और सोनम के सपने' को कान फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किए जाने के बाद कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों से आमंत्रण मिले हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण में बच्चों ने कलाकारों के साथ-साथ कहानीकार और रचनाकार के रूप में भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# पुणे-नासिक रेल संपर्क का संशोधित मार्ग स्वीकृत, निर्माण भी शुरू: रेल मंत्री

**पुणे :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि पुणे-नासिक रेल संपर्क की लंबित समस्या को मार्ग में संशोधन के साथ सुलझा लिया गया है और परियोजना के कुछ हिस्सों पर काम शुरू भी हो चुका है। वैष्णव ने पुणे-साईनगर शिरडी ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के मौके पर कहा कि अब यह रेल मार्ग पुणे-अहिल्यानगर-शिरडी-नासिक के रास्ते से गुजरेगा। पहले प्रस्तावित मार्ग पुणे जिले के नारायणगांव के पास स्थित जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी) के कारण तकनीकी रूप से व्यावहारिक नहीं पाया गया था। वैष्णव ने कहा, पुणे-नासिक रेल लिंक का मुद्दा सुलझा गया है। अब यह स्पष्ट है कि सीधा मार्ग तकनीकी रूप से व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने बताया कि संशोधित रेल मार्ग की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है और परियोजना के कई हिस्सों को मंजूरी मिल चुकी है। कुछ खंडों पर निर्माण कार्य शुरू भी हो गया है। रेल मंत्री ने कहा कि नए मार्ग से यात्रा में लगने वाला समय पहले प्रस्तावित मार्ग के लगभग समान ही रहेगा जबकि लागत काफी कम होगी। पहले इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 35,000 करोड़ रुपये थी, जबकि संशोधित मार्ग को लगभग एक-तिहाई लागत में ही पूरा किया जा सकता है। मूल रूप से प्रस्तावित रेल मार्ग के जीएमआरटी के पास से गुजरने के कारण वैज्ञानिकों ने आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि रेलवे संचालन से उत्पन्न विद्युत-चुंबकीय प्रभाव इस वेधशाला के संवेदनशील अनुसंधान को प्रभावित कर सकता है।



## इलेक्ट्रॉनिक्स को देश का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बनाने का लक्ष्य: वैष्णव

पुणे : केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का आकार लगभग 13 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और अब इसे देश का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रखा जाना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा (ईएमएस) कंपनी जेबिल के नए संयंत्र के उद्घाटन समारोह में वैष्णव ने यह भी घोषणा की कि देश में दो और सेमीकंडक्टर संयंत्र इस वर्ष वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, ''आज हमारे देश में 13 लाख करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग है। कुछ वर्ष पहले तक भारत से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात की कल्पना भी नहीं की जाती थी।'' मार्च, 2026 तक देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन लगभग 12 लाख करोड़ रुपये और इस क्षेत्र का निर्यात 3.3 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान था। वैष्णव ने कहा कि पहले इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को असंभव माना जाता था। उन्होंने कहा, ''शुरुआत में शीर्ष 10 निर्यात श्रेणियों में शामिल होना लक्ष्य था। पिछले वर्ष 2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स देश की तीसरी सबसे बड़ी निर्यात श्रेणी बन गया। लेकिन अब हमें अगला लक्ष्य तय करना होगा। हमें इसे दूसरी सबसे बड़ी निर्यात श्रेणी बनाना है।''

# भारत-ब्रिटेन एफटीए 15 जुलाई से लागू होगा, व्यापार एवं निवेश को मिलेगा बढ़ावा: मोदी एवं स्टार्मर

**एवियॉन (फ्रांस) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने दोनों देशों के बीच हुए व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) के 15 जुलाई, 2026 से लागू होने की बुधवार को घोषणा की। फ्रांस के एवियॉन शहर में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं की बैठक के एक दिन बाद यह घोषणा की गई। यह समझौता लगभग एक साल पहले जुलाई, 2025 में मोदी की लंदन यात्रा के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह समझौता भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए 'ऐतिहासिक मील का पत्थर' है और इससे द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह करार किसानों, श्रमिकों, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), स्टार्टअप और नवाचार क्षेत्र के लिए नए अवसर पैदा करेगा। ब्रिटिश सरकार की तरफ से जारी विवरण के अनुसार, समझौते में व्हिस्की पर शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत किया जाएगा,



जबकि वाहनों पर शुल्क को कोटा व्यवस्था के तहत 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। सौंदर्य प्रसाधनों पर 22 प्रतिशत तक के शुल्क तत्काल या चरणबद्ध ढंग से हटाए जाएंगे। ब्रिटेन के मुताबिक, यह समझौता दीर्घावधि में उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.8 अरब पाउंड और भारत की जीडीपी में 5.1 अरब पाउंड की वृद्धि कर सकता है, जबकि द्विपक्षीय व्यापार में हर साल 25.5 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। समझौते के तहत ब्रिटेन कपड़े, जूते एवं कुछ खाद्य उत्पादों जैसे भारतीय सामान पर शुल्क कम करेगा, जिससे आयात लागत घटने और उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलने की संभावना है। ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय मंत्री पीटर काइल ने कहा हम भारत के साथ इस महत्वपूर्ण व्यापार समझौते को जल्द से जल्द लागू कर रहे हैं ताकि दोनों देशों के कारोबारियों को 99 प्रतिशत ब्रिटिश शुल्क और 90 प्रतिशत भारतीय शुल्क को उदार बनाने का तत्काल लाभ मिल सके।

# सोने में 4,800 रुपये की गिरावट, चांदी 5,300 रुपये सस्ती हुई

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 4,800 रुपये गिरकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, जबकि चांदी की कीमत में 5,300 रुपये की गिरावट दर्ज हुई। मजबूत रुपये और कमजोर वैश्विक रुख के बीच कारोबारियों ने कीमती धातुओं से दूरी बनाए रखी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,800 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में भी भारी गिरावट आई और यह 5,300 रुपये टूटकर 2,55,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। मंगलवार को चांदी 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू मांग लगातार दूसरे दिन कमजोर रही क्योंकि मजबूत शेयर बाजार के बीच निवेशक बेहतर लाभ की तलाश में थे।

## प. एशिया संघर्ष के बावजूद 2025-26 में भारत का निर्यात रिकॉर्ड 863 अरब डॉलर पर: अधिकारी

**अहमदाबाद :** पश्चिम एशिया में संघर्ष और अमेरिकी शुल्क लगाने की वजह से वैश्विक कारोबार में रुकावटों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का निर्यात रिकॉर्ड 863 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने कहा, ''यह साल बहुत मुश्किल रहा है - अमेरिकी शुल्क से लेकर पश्चिम एशिया संकट तक - लेकिन इसके बावजूद, हमने साबित किया है कि निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में भारत बहुत मजबूत है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात 863 अरब डॉलर के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया।'' भादू अहमदाबाद में 'आउटरीच प्रोग्राम: गुजरात के एसईजेड की 12 साल की उपलब्धियां और प्रगति तथा भविष्य का दृष्टिकोण' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत का कुल निर्यात लगभग दोगुना होकर 441 अरब डॉलर से 863 अरब डॉलर हो गया है। इसमें इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, रत्न और आभूषण तथा रसायन जैसे क्षेत्रों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इस विकास में गुजरात का बड़ा योगदान रहा है, जिसका निर्यात में लगभग 110 अरब डॉलर का हिस्सा है।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुरू हुईं मालवाहक सेवाएं ग्रेटर

**नोएडा :** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहला मालवाहक विमान बुधवार को चेन्नई से यहां पहुंचा। हवाई अड्डे पर आज सुबह विमान पर वाटर कैनन से पानी बरसा कर उसका स्वागत किया गया। मालवाहक संचालन के लिए एफकॉम कंपनी के साथ समझौता किया गया है। मालवाहक सेवाओं के लिए कंपनी बोइंग 737-800 के विमानों का इस्तेमाल करती है। एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) ने मालवाहक उड़ानों के लिए हवाई अड्डे पर करीब 80 एकड़ में मालवाहक केंद्र विकसित किया है।

# स्पोर्ट्स

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 347 अंक चढ़ा

**चार दिन की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 22.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी**

मुंबई : अमेरिका-ईरान शांति समझौते की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी और निवेशक धारणा में सुधार से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 347 अंक और निफ्टी में 96 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 347.14 अंक यानी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 77,155.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 410.51 अंक यानी 0.53 प्रतिशत बढ़कर 77,218.99 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,085.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 119.05 अंक बढ़कर 24,108.20 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट के शेयर में सर्वाधिक 7.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, इन्फोसिस, टाइटन और भारती एयरटेल में भी तेजी रही। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। यह घरेलू बाजारों में तेजी का लगातार चौथा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 3,323.07 अंक यानी 4.50 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है जबकि निफ्टी 924.10 अंक यानी 3.98 प्रतिशत चढ़ा है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अनुकूल वैश्विक संकेतों और तमाम क्षेत्रों में लिवाली जारी रहने से शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रहने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक रुख स्थिर रखने के अनुमान से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला।'' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 79.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# गिल और किशन के शतक, भारत ने अफगानिस्तान को 170 रन से रौंदा

**लखनऊ :** कप्तान शुभमन गिल और इशान किशन के शानदार शतकों के बाद तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत भारत ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में अफगानिस्तान को 170 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 49.5 ओवर में 402 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने भीषण गर्मी और शारीरिक परेशानी के बावजूद 110 गेंदों में 154 रन की कप्तानी पारी खेली, जिसमें 22 चौके और दो छक्के शामिल रहे। वहीं इशान किशन ने 79 गेंदों में 125 रन ठोककर तीन साल बाद वनडे शतक का सूखा समाप्त किया। उनकी पारी में 14 चौके और सात छक्के शामिल रहे। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट



के लिए 224 रन की विस्फोटक साझेदारी कर भारतीय पारी को मजबूत आधार दिया। रोहित शर्मा ने भी 48 रन का योगदान दिया, जबकि श्रेयस अय्यर ने 26 रन बनाए। हालांकि अंतिम 10 ओवरों में सात विकेट गिरने से भारत 400 से अधिक रन बनाने के बावजूद पूरे 50 ओवर नहीं खेल सका।403 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम शुरुआत से ही दबाव में रही। रहमानुल्लाह गुरबाज (41), सेदिकुल्लाह अटल (42) और रहमत शाह (79) ने संघर्ष किया, लेकिन कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं बना सका।भारतीय तेज गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि गुरनूर बरार ने 60 रन देकर तीन और पदार्पण कर रहे प्रिंस यादव ने 56 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर ने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाकर विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा।अफगानिस्तान की पूरी टीम 44.3 ओवर में 232 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली और विश्व कप की तैयारियों को और मजबूती दी।

# मुक्केबाजी विश्व कप : निखिल, दीपक और स्नेह जीते

**गुइयांग (चीन) :** भारतीय मुक्केबाज निखिल, दीपक और स्नेह बुधवार को मुक्केबाजी विश्व कप के दूसरे चरण के तीसरे दिन अपने वजन वर्ग में जीत हासिल करके अगले राउंड में पहुंच गए। पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में निखिल ने ब्राजील के केल्वी ट्रिंडाडे को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। दीपक पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में पहुंचे। उन्होंने जापान के सेवोन ओकाजावा (2025 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता) को 5-0 के फैसले से हराया। महिलाओं के वर्ग में स्नेह (65 किग्रा) ने भी दक्षिण कोरिया की सियोन सुजिन के खिलाफ कड़े



मुकाबले में 4-1 से जीत हासिल की। तीसरे दिन अन्य शुरुआती मुकाबलों में मालसावम्टलुआंगा (80 किग्रा) और माही लामा (60 किग्रा) हारकर बाहर हो गए।

# बीएमडब्ल्यू ने स्थानीय स्तर पर तैयार मिनी कंट्रीमैन सी पेश की, शुरुआती कीमत 47.5 लाख रुपये

**चेन्नई :** लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने पेट्रोल इंजन से लैस मिनी कंट्रीमैन सी के स्थानीय रूप से 'असेंबल' किए गए मॉडल को बुधवार को पेश कर अपने प्रीमियम खंड का विस्तार किया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने बताया कि इसकी शुरुआती (एक्स-शोरूम) कीमत 47.50 लाख रुपये रखी गई है। इसे पेश करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत में चेन्नई स्थित बीएमडब्ल्यू संयंत्र के प्रबंध निदेशक थॉमस डोज़ ने कहा कि इस नए संस्करण की शुरुआत ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण परिचालन उपलब्धि है। इसे प्रीमियम क्रॉसओवर श्रेणी 'कम्प्लीटली नॉक्ड



डाउन' (सीकेडी) किट के माध्यम से यहां स्थानीय स्तर पर विनिर्मित किया जाएगा। सीकेडी वाहन वे होते हैं जिन्हें अलग-अलग हिस्सों एवं कलपुर्जों के रूप में आयात किया जाता है और फिर उन्हें स्थानीय संयंत्र में जोड़कर (असेंबल करके) पूरा वाहन बनाया जाता है। देशभर के अधिकृत डीलरशिप पर आधिकारिक रूप से इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है और ग्राहकों को इसकी आपूर्ति तुरंत शुरू करने की योजना है।

# मंधाना और शेफाली चमकीं, भारत ने नीदरलैंड को 95 रन से हराया

**लीड्स :** स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की शानदार बल्लेबाजी तथा गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 95 रन से हराकर ग्रुप-एक में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण मिलने पर भारत ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए, जो महिला टी20 विश्व कप इतिहास में टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 47 गेंदों में 74 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था। वहीं शेफाली वर्मा ने 38 गेंदों में 55 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 115 रन की विस्फोटक साझेदारी की।मंधाना और शेफाली के आउट



होने के बाद जेमिमा रोड्रिग्स ने 19 रन बनाए, जबकि रिचा घोष ने आठ गेंदों में नाबाद 20 और दीप्ति शर्मा ने दो गेंदों में नाबाद 10 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया।210 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 17.3 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। कप्तान बाबेटे डि लीडे 28 रन बनाकर टीम की सर्वाधिक स्कोरर रहीं।भारतीय गेंदबाजों में श्री चरणी ने चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट झटके। शेफाली वर्मा ने भी हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए 3.2 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके साथ ही वह महिला टी20 विश्व कप में अर्धशतक और तीन विकेट लेने वाली दुनिया की तीसरी खिलाड़ी बन गईं। नंदिनी शर्मा ने दो और दीप्ति शर्मा ने एक विकेट हासिल किया।भारत की यह लगातार दूसरी जीत है, जबकि नीदरलैंड को टूर्नामेंट में दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

# स्पिनर जम्पा और डेविस चमके, ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 मैच में बांग्लादेश को हराया

**चटगांव (बांग्लादेश) :** स्पिनर एडम जम्पा और जोएल डेविस ने तीन तीन विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को तीन मैच की टी20 सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को चार विकेट से शिकस्त दी। लेग-स्पिनर निखिल चौधरी ने भी एक विकेट लिया जो 60 साल में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत में जन्मे पहले पुरुष क्रिकेटर हैं। स्पिनरों के इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 19 ओवर में 131 रन पर ऑल आउट कर दिया। पिछले वनडे में 149 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से जीत दिलाकर बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप से बचाने वाले कूपर कोनोली ने चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 47 रन बनाए और अपनी टीम को 18.2 ओवर में छह विकेट पर 133 रन के स्कोर तक पहुंचाया। टखने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले मिचेल मार्श और साथी सलामी बल्लेबाज जोश इंग्लिस के जल्दी आउट होने के बाद



कोनोली ने संयम बनाए रखा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अब्दुल गफ्फार ने कोनोली को कैच आउट कराकर अपना पहला विकेट लिया। कोनोली ने तीसरे विकेट के लिए टिम डेविड (20) के साथ 40 रन की साझेदारी की थी। गफ्फार ने 32 रन देकर दो विकेट झटके। तीसरे वनडे के दौरान पिंडली की चोट के कारण लिटन दास के बाहर होने के बाद तौहीद हृदय ने बांग्लादेश की कप्तानी की और टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## भारत का रणनीतिक भंडार कच्चे तेल के आयात की केवल नौ-10 दिन की जरूरत के बराबर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत का मौजूदा रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार देश के शुद्ध कच्चे तेल आयात की केवल नौ से 10 दिन की आवश्यकता के बराबर है, जो आयात पर निर्भर अन्य प्रमुख देशों की तुलना में काफी कम है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल के आयात पर अत्यधिक निर्भर अन्य देश, जैसे जापान और दक्षिण कोरिया, 200 दिन से अधिक की जरूरत के बराबर भंडार बनाए रखते हैं। 'हाउ सिक्योर इज इंडियाज एनर्जी फ्यूचर? असेसिंग एक्सेसिबिलिटी, रिलायबिलिटी एंड अफोर्डेबिलिटी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के कच्चे तेल के आयात का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रूस और प्रमुख पश्चिम एशियाई देशों सहित केवल छह देशों से आता है। रिपोर्ट के अनुसार, इससे आपूर्ति में किसी भी प्रकार के व्यवधान या झटके से निपटने की क्षमता सीमित हो जाती है। सीईईडब्ल्यू में फेलो हेमंत माल्या ने कहा, ''कच्चे तेल, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी), एलपीजी, कोयले या प्रमुख समुद्री परिवहन मार्गों में व्यवधान का असर तेजी से रसोई गैस की लागत, परिवहन ईंधन की कीमतों, उर्वरक सब्सिडी, औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता और मुद्रास्फीति पर पड़ सकता है।'' रिपोर्ट के अनुसार, गैस क्षेत्र में भारत अपनी कुल आवश्यकता का लगभग आधा हिस्सा एलएनजी आयात के माध्यम से पूरा करता है, लेकिन देश में गैस के लिए कोई समर्पित रणनीतिक भंडारण सुविधा नहीं है।

# भारत ने मंगोलिया को हराकर विश्व टीम स्नूकर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**गुआंगडोंग (चीन) :** भारत ने बुधवार को यहां मंगोलिया पर 3-1 से जीत से विश्व टीम स्नूकर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस मुश्किल जीत ने पूर्व चैंपियन टीम को चीन 'बी' के खिलाफ अंतिम आठ मुकाबला तय करने में मदद की जिससे टूर्नामेंट के पहले दिन लीग चरण में उन्हें करीबी हार मिली थी। मेजबान चीन ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में सिंगापुर को 3-1 से हराया। इससे पहले दिन में भारत ने ग्रुप बी के अपने आखिरी लीग मैच में कमजोर तुर्की को 3-0 से एकतरफा मात देकर नॉकआउट में जगह बनाई। नासनबुयान ओरगिल के साथ कड़े मुकाबले के बाद आदित्य मेहता ने जीत हासिल की और मंगोलिया के खिलाफ अंतिम-16 के मुकाबले में भारत को बढ़त



दिलाई। पंकज आडवाणी ने सर्गेलेन बटडेल्गर पर 70-6 से जीत के दौरान 51 का ब्रेक बनाया। इसके बाद आडवाणी और केतन चावला (जो टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेल रहे थे) युगल में 54-70 से हार गए जिससे मंगोलिया को वापसी का मौका मिला। लेकिन कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने वापसी करते हुए ओरगिल पर 67-37 से आसान जीत दर्ज की और मुकाबला अपने नाम किया। सुबह आडवाणी ने तुर्किए के इस्माइल तुर्कर पर 60-39 से आसान जीत दर्ज की।

# विश्व कप में पहली हैट्रिक के साथ क्लोसे के बराबर पहुंचे मेस्सी, अर्जेंटीना ने अल्जीरिया को हराया

**कंसास सिटी :** लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप में पहली हैट्रिक लगाने के साथ मिरोस्लाव क्लोसे के सर्वाधिक 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली जिसके दम पर गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने ग्रुप चरण के पहले मैच में अल्जीरिया को 3-0 से हरा दिया। अब मेस्सी के 16 विश्व कप गोल हो गए हैं जिससे वह जर्मनी के क्लोसे के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बराबरी पर आ गए हैं। इंटर मियामी के अपने साथी रौद्रिगो डि पॉल के पास के दम पर मेस्सी ने शुरूआती मिनटों में पहला गोल दागा। दूसरा गोल दूसरे हाफ की शुरूआत में किया और तीसरा आखिरी मिनटों में दागा जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अर्जेंटीना के लिये सर्बिया और मोंटेनीग्रो के खिलाफ विश्व कप में



पदार्पण के 20 साल बाद मेस्सी ने यह गोल दागा है। उन्होंने तब अपने पहले विश्व कप मैच में भी गोल किया था। टूर्नामेंट से पहले ही लग रहा था कि वह क्लोसे का रिकॉर्ड तोड़ देंगे लेकिन पहले ही मैच में तीन गोल करके उन्होंने इसकी बराबरी कर ली। यह उनके कैरियर की 61वीं और अर्जेंटीना के लिये खेलते हुए 11वीं हैट्रिक है। विश्व कप में लगातार पांचवें मैच में मेस्सी ने गोल दागा है। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने जीत के बाद कहा ,'' लियो के बारे में क्या कहूं, शब्द ही नहनीं है। हर फुटबॉलप्रेमी उसे खेलते देखना चाहता है और उसके खेल का आनंद लेता है।'' पिछली

## सेमीफाइनल में जगह पक्की , उरूग्वे के खिलाफ जीत की लय कायम रखना चाहेगी भारतीय टीम

**आकलैंड :** सेमीफाइनल में जगह पक्की होने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब बिना किसी दबाव के बृहस्पतिवार को आखिरी लीग मैच में उरूग्वे के खिलाफ भी जीत की लय कायम रखने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पूल ए में दो मैचों में छह अंक के साथ शीर्ष पर है और अंतिम चार में पहुंच चुकी है। उसने अमेरिका को 3-2 और जापान को 2-1 से हराया। एफआईएच प्रो लीग के अगले सत्र में जगह बनाने के लिये भारत को नेशंस कप हर हालत में जीतना है। पिछले साल भारतीय टीम प्रो लीग से बाहर होकर एफआईएच नेशंस कप में खिसक गई थी। पिछले सत्र में 16 मैचों में सिर्फ दस अंक लेकर भारत प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहा था।

वर्ष 11, पूर्णांक 3626 अंक 092 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in